माघ शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 250 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

24 फरवरी 2024 शनिवार

**आज का मौसम**

29 अधिकतम

17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## 40% कमीशन के विज्ञापन पर राहुल, सिद्धारमैया और डीके कोर्ट तलब

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पिछली भाजपा सरकार पर 40 फीसदी कमीशन के आरोपों को लेकर 42वीं



एसीएमएम कोर्ट बेंगलुरु ने तलब किया है। तीनों कांग्रेस नेताओं को 28 मार्च को अदालत में पेश होना होगा। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने समाचार पत्रों में 'रेट कार्ड' विज्ञापन प्रकाशित किए थे। इसमें भाजपा के कथित भ्रष्टाचार को सूचीबद्ध किया गया था। भाजपा ने दावे को झूठा और आचार संहिता का उल्लंघन बता आपत्ति जताई थी। भाजपा की कानूनी इकाई के वकील विनोद कुमार ने विज्ञापनों को लेकर शिकायत दर्ज की थी।

## ईरान सेना ने फिर पाकिस्तान में घुसकर की सर्जिकल स्ट्राइक

**तेहरान, एजेंसी।**

ईरान के सैन्य बलों ने एक बार फिर पाकिस्तानी क्षेत्र में सर्जिकल स्ट्राइक की है। खबरों के अनुसार ईरान ने पाकिस्तान क्षेत्र में घुसकर जैश अल-अदल आतंकवादी समूह के कमांडर इस्माइल शाहबख्श और उसके



कुछ साथियों ढेर कर दिया है। गौरतलब है कि ईरान व पाकिस्तान के बीच बीते एक माह में दूसरी बार तनाव बढ़ा है। एक माह पहले भी पाकिस्तान और ईरान ने एक दूसरे पर हवाई हमले किए थे। अल अरबिया न्यूज रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि 2012 में गठित जैश अल-अदल ने बीते कुछ सालों में ईरानी सुरक्षा बलों पर कई हमले किए हैं। इस संगठन को ईरान ने आतंकी संगठन के रूप में नामित किया है। जैश-अल-अदल एक सुन्नी आतंकवादी समूह है, जो ईरान के दक्षिणपूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में संचालित होता है। इसके पाकिस्तानी क्षेत्र से भी अपनी गतिविधियों का संचालन करता है। अल अरबिया न्यूज के अनुसार, दिसंबर माह में जैश अल-अदल ने सिस्तान-बलूचिस्तान में एक पुलिस स्टेशन पर हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें कम से कम 11 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी।

## ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में गिरी, 20 मौतें

**कासगंज, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ। हादसे में 20 लोगों की मौत होने की खबर है। मौके पर ग्रामीण और पुलिसकर्मी राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। बताते हैं कि पटियाली दरियावगंज मार्ग पर सुबह 10 बजे बेकाबू ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिर गई। ट्रॉली में सवार सात बच्चे और आठ महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। घटनास्थल पर अपरा तफरी और चीख पुकार मची है। स्वास्थ्य केंद्र पर तालाब से निकाले श्रद्धालुओं को भेजा गया है। श्रद्धालु एटा जिले के कहा गांव के बताए जा रहे हैं। मृतकों में सात मासूम बच्चे शामिल हैं, जबकि आठ महिलाएं हैं।

### दोनों संभाग की लोकसभा सीटों के लिए रणनीति बनाएगी भाजपा

# ग्वालियर-चंबल में सियासी गर्मी राहुल से पहले जमावट करेंगे शाह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झाबुआ दौरे के बाद केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा के चुनावी शिल्पकार अमित शाह की यात्रा लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। खासतौर पर ग्वालियर-चंबल क्लस्टर के चारों लोकसभा क्षेत्र ग्वालियर, मुरैना, भिंड और गुना की प्रबंध समिति की बैठक में वह चुनिंदा नेताओं और कार्यकर्ताओं को रणनीति के संबंध में परामर्श देंगे। इससे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान भी



शाह ने इसी अंचल पर खास फोकस किया था। इस बार शाह के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इसका मकसद कार्यकर्ताओं को बेहतर काम के लिये प्रेरित करना है, ताकि उन्हें भी शर्मा की तरह 'बड़ी पदोन्नति' की उम्मीद रहे।

खास बात यह है कि शाह इस बार कांग्रेस सासंद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से ठीक पहले इस अंचल में पहुंच रहे हैं। लिहाजा यह दौरा सियासी मायनों में काफी अहम है। राहुल दो मार्च को मुरैना में प्रवेश करेंगे। यह इलाका कांग्रेस के लिये भी काफी मजबूत है। हालांकि 2018 के विस चुनाव परिणाम के बाद की उथलपुथल में भाजपा ने यहां कांग्रेस से लीड ले ली है। हालिया विधानसभा चुनाव में ग्वालियर-चंबल संभाग की 34 विधानसभा सीटों में से 18 पर भाजपा और 16 पर कांग्रेस जीती है। लेकिन अब भाजपा लोकसभा चुनाव में ग्वालियर-चंबल संभाग की सभी चारों सीट भिंड, मुरैना, ग्वालियर और गुना पर यहां जीत के लिये पूरी ताकत झोंक रही है।

## तीन राज्यों में कांग्रेस-आप की डील डन्



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

समाजवादी पार्टी से उप्र के बाद अब कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से दिल्ली की सीटों पर चुनावी तालमेल व बंटवारे की डील पक्की कर ली है। इसका आज ऐलान भी हो गया। दोनों पार्टी ने आज संयुक्त प्रेस वार्ता की और सीट शेयरिंग के बारे में जानकारी दी। आप की तरफ से मंत्री आतिशी, संदीप पाठक और सौरभ भारद्वाज तो कांग्रेस की ओर से मुकुल वासनिक, दीपक बाबरिया और अरविंदर सिंह लवली ने जानकारी दीं। वासनिक ने बताया कि कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी 4 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के खाते में चांदनी चौक समेत 3 सीटें गई हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट और गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी उतारेगीस। हरियाणा में 9 सीटों पर कांग्रेस और 1 सीट पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी. गुजरात में आम आदमी पार्टी दो सीटों और कांग्रेस 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### दिल्ली में यहां लड़ेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली और ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीटों पर आप उम्मीदवार चुनाव लड़ेगें तो कांग्रेस नॉर्थ ईस्ट, नॉर्थ वेस्ट और चांदनी चौक सीटों पर चुनाव लड़ेगी. गुजरात में आम आदमी पार्टी भरूच और भावनगर लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी. वहीं हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी उतारेगी।

### बंगाल में ममता से रार भी मनुहार भी !



उधर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने 'एकला चलो रे' का ऐलान भले ही कर दिया है लेकिन कांग्रेस ने कहा है कि थोडी बहुत तकराव व तूतू मैंमैं चलती रहती है। टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। मगर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'टीएमसी से बातचीत जारी है, ममता को कांग्रेस ने पहली बार सांसद बनाया था, उनकी पार्टी का नाम में तृणमूल भी है और कांग्रेस भी है, कांग्रेस के दरवाजे टीएमसी के लिए सदैव खुले हैं। रमेश ने कहा कि नीतीश व आरएलडी को छोड़कर इंडिया ब्लॉक में शामिल सभी 26 पार्टियां एकजुट हैं।'

## मणिपुर में विवि परिसर के भीतर विस्फोट, एक मौत

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर के इंफाल स्थित एक विश्वविद्यालय परिसर के अंदर विस्फोट होने की खबर आई है। इस विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत और दो अन्य घायल हो गए. सूत्रों के मुताबिक ये धमाका देर रात हुआ है। विस्फोट के बारे में पुलिस ने बताया कि इंफाल के पश्चिम के थांगमीबैंड स्थित डीएम कॉलेज के अंदर विस्फोट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम को पता चला कि ये विस्फोट धनमंजुरी विश्वविद्यालय परिसर के अंदर स्थित ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स



यूनियन आफिस के पूर्वी हिस्से में हुआ है। इसमें एक व्यकि् की मौत हुई है।

## बेटे की शादी, मुख्यमंत्री यादव पुष्कर में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बेटे वैभव यादव की आज पुष्कर (अजमेर) के रिसोर्ट में शादी हो रही है। इससे पहले आज सुबह करीब 11 बजे सीएम अपने परिवार के साथ ब्रह्मा मंदिर के दर्शन करने पहुंचे। यादव ने दर्शनों के बाद



कहा कि मैं महाकाल की नगरी से आता हूं। बताया जाता है कि इस शादी में कई वीआईपी आमंत्रित है। सीएम आज पुष्कर में ही रहेंगे। यादव अपने बेटे की शादी एक किसान परिवार की बेटी शालिनी यादव से कर रहे हैं हरदा के किसान परिवार की बेटी निवासी शालिनी यादव ने अपनी पढ़ाई इंदौर और उज्जैन में की है।

## मुसाफिरों को पांच घंटे विमान में जबरन बैठाया, तबीयत बिगड़ी

**मुंबई एजेंसी।** आज सुबह यहां से मॉरीशस जा रही एयर मॉरीशस की फ्लाइट में बड़ी समस्या पैदा हो गई और मुसाफिर बुरी तरह फंस गये। दरअसल इसके एसी सिस्टम पूरी तरह फेल हो गए, जिसके चलते इसमें सवार यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताया गया है कि इससे फ्लाइट में बैठे कई बच्चे और एक 78 साल के बुजुर्ग को सांस की समस्या पैदा हो गई। हालांकि, इसके बावजूद उन्हें विमान से करीब पांच घंटे तक उतरने नहीं दिया गया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि फ्लाइट को सुबह 4.30 बजे उड़ान भरनी थी। इसके लिए 3.45 बजे यात्रियों की बोर्डिंग शुरू कर दी



गई। हालांकि, इसके बाद विमान में इंजन की समस्या आ गई। फ्लाइट के उड़ान न भरने के बावजूद यात्रियों को पांच घंटे तक बैठे रहना पड़ा और उन्हें नीचे उतरने नहीं दिया गया। बताया गया है कि एयरलाइन ने इंजन को ठीक करने के लिए इंजीनियर्स की एक टीम को स्पेयर पार्ट्स के साथ बुलाया। हालांकि, इसके ठीक न हो पाने के बाद सुबह करीब 10 बजे कैप्टन ने एलान किया कि फ्लाइट के रद्द कर दी गई है।

## असम सरकार ने मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम को रद्द किया

**गुवाहाटी, एजेंसी ।** असम सरकार ने राज्य में निवासरत मुस्लिम नागरिकों के विवाह और तलाक के पंजीकरण से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने का फैसला लिया है।



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया। सरमा ने एक्स पर लिखा, 'पुराने अधिनियम में विवाह पंजीकरण की अनुमति देने वाले प्रावधान थे, जिसमें भले ही युवक-युवती विवाह के लिए 18 और 21 वर्ष की कानूनी उम्र तक नहीं पहुंचे हों। यह कदम असम में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

## शरद पवार को मिली तुरही

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस के शरद पवार गुट को चुनाव आयोग ने नया चुनाव चिह्न दे दिया है। उन्हें 'तुरही बजाता हुआ व्यक्ति' चुनाव निशान आवंटित किया गया है। पार्टी ने आज अपना चुनाव चिह्न लॉन्च किया और



कहा कि जब साल 1999 में जब राकांपा का गठन हुआ था, तब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नहीं था। लेकिन जनता ने उस चुनाव में शरद पवार को याद रखा था। अब हमारे पास सोशल मीडिया और पार्टी कार्यकर्ता भी हैं और पिछले छह महीनों में जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक हुई है। सभी के पास नये चुनाव चिन्ह का संदेश पहंच जायेगा।

**मेट्रो एंकर**

### युवती ने चार लोग भाड़े पर रखे, जीपीएस से कराई निगरानी

# प्यार में पागलपन, टीवी एंकर का कराया अपहरण

**हैदराबाद, एजेंसी।**

प्यार अंधा होता है, यह बात तो अक्सर कही जाती है और मानी भी जाती है। दीवानगी में लोग ऐसा कुछ कर गुजरते हैं कि परेशानी बढ़ जाती है, इसीलिये अब प्यार का एक ऐसा मामला आया है कि लोग फिर हैरान है। इसमें हैदराबाद में एकतरफा प्यार में पागल एक युवती ने जिस लड़के का किडनैप तक करवा लिया, वह टीवी एंकर है। जबकि लडकी कारोबारी है। अब उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। किडनैपिंग से छूटने के बाद युवक ने राचकोंडा पुलिस आयुक्तालय के तहत उप्पल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान, पुलिस ने आरोपी महिला को उन चार लोगों के साथ पकड़ लिया, जिन्हें युवती ने एंकर का अपहरण करने के काम पर रखा था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान युवती ने कबूल किया कि उसने प्रणव का अपहरण इसलिए कराया क्योंकि वह उससे शादी करना चाहती थी।

खबरों के मुताबिक इस युवती ने एंकर का अपहरण करने के लिए चार लोगों को काम पर रखा और उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उसकी कार पर एक ट्रैकिंग डिवाइस भी लगाई। युवती के हायर किए गए लोगों ने बीते दिनों इस टीवी एंकर का अपहरण कर लिया और महिला के कार्यालय में उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने कहा कि अपनी जान के डर से टीवी एंकर महिला की कॉल का जवाब देने के लिए तैयार हो गया और उसके बाद ही उसे जाने दिया गया।

### नंबर ब्लाक करने से भड़की, दफ्तर में पिटवाया

बताया जाता है कि यह महिला लगातार एंकर को मैसेज भेजती रही। हालांकि, जब प्रणव ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया तो वह परेशान हो गई। असफलता से निराश होकर, एंकर से शादी करने की ठान ली। उसने कथित तौर पर युवक के अपहरण की योजना बनाई। उसे लगा कि वह युवक को किडनैप करके शादी कर लेगी और उसके बाद सारी चीजें ठीक हो जाएंगी। डिजिटल मार्केटिंग तृष्णा ने मैट्रिमोनियम साइट पर प्रणव की प्रोफाइल खोजी और टीवी एंकर का फोन नंबर हासिल किया। जब उसने इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के जरिए प्रणव से संपर्क किया, तो एंकर ने उसे





बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फोटो का इस्तेमाल किया है। मैट्रिमोनियल साइट पर उसकी कोई प्रोफाइल नहीं है। साइट पर एक फर्जी अकाउंट बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने इस बारे में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई है।

**आज का कार्टून**



# 27 से जापानी बुखार के, 7 मार्च से बच्चों को बीसीजी के टीके लगेंगे

## स्वास्थ्य विभाग ने की तैयारियां, सर्वे का काम चल रहा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



प्रदेश में 27 फरवरी से जापानी बुखार व 7 मार्च से बीसीजी के टीके लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी तैयारियां कर ली है।

जापानी बुखार के टीके पहले चरण में भोपाल, इंदौर समेत चार जिलों में लगाए जाएंगे, जबकि बीसीजी के टीके सभी जगह एक साथ लगाए जाएंगे। जापानी बुखार को जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) भी कहा जाता है, जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में दिमागी बुखार के नाम से भी जानते है। यह बच्चों को पकड़ता है इसलिए 1 से 15 वर्ष के बीच के बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि साल 2019 से अब तक करीब 100 से अधिक बच्चों में उक्त बुखार की पुष्टि हुई है, इनमें से करीब 7 की मौत हुई है। इसी तरह बीसीजी का टीका टीबी से बचाने के लिए लगाया जाएगा। धूम्रपान करने, टीबी का शिकार रह चुके, नशे के आदि और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में टीबी का खतरा अधिक रहता है पहले चरण में इन्हें ही बीसीजी के टीके लगाए जाएंगे।

### 17 लाख डोज मिले

एनएचएम के राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि टीके 17 लाख डोज मिल चुकी है। ये डोज उक्त उम्र के सभी बच्चों को लगाए जाएंगे, इनकी पहचान का काम चल रहा है। आंगनबाड़ी, प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों टीके की डोज उपलब्ध करा दी है। सभी स्थानों पर टीके निशुल्क लगाएंगे।

### ऐसे फैलता है यह बुखार

डॉक्टरों के अनुसार जेई मच्छरों के काटने से यह बुखार आता है जो दिमागी बुखार और जापानी बुखार भी कहा जाता है। यदि समय पर इलाज नहीं मिला तो यह बुखार काफी नुकसान पहुंचा सकता है। एक बार टीका लगाने पर इसका असर 15 वर्ष तक रहेगा। सभी बच्चों को यह लगाया जाना है। इसके कोई भी विपरित प्रभाव नहीं होते।

### 16 से 18 फरवरी के बीच हुई थी गणना

# गणना रिपोर्ट आई नहीं, पहले ही सोशल मीडिया पर विभाग ने सर्वाधिक होने के किए दावे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**गिद्धों की गणना को लेकर गणना कराने वाली नोडल एजेंसी और मप्र वन विभाग का एक्स हैंडल देखने वाली टीम आमने-सामने हैं। टीम ने अपना काम दिखाते हुए एक वीडियो बनाया और उसमे बिना तथ्य के गिद्धों की संख्या बढ़ने के दाव कर दिए।**



वही वीडियो मप्र वन विभाग के एक्स हैंडल से सार्वजनिक कर दिया गया। यह भी दावा किया कि मप्र में 10 हजार से अधिक गिद्ध है। उधर गिद्धों की गणना कराने वाली नोडल एजेंसी वन विहार नेशनल पार्क की डायरेक्टर पदमाप्रिया बालाकृष्णन का कहना है कि अभी तक गणना रिपोर्ट नहीं आई है। ऐसे में एक्स हैंडल पर कैसे और क्यों दावे किए जा रहे हैं, इस बारे में बता पाना मुश्किल है।

### पिछले साल 9448 गिद्ध प्रदेश में मिले थे

असल में गिद्धों की गणना 16 से 18 फरवरी के बीच हुई थी। रिपोर्ट आने में समय लगेगा क्योंकि जो साक्ष्य मिले थे उनका अध्ययन कराया जा रहा है। उसके पहले गिद्धों की अनुमानित संख्या विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई। यह आंकड़े भी वन विभाग के अधिकारियों ने ही बताए थे। इस आधार पर बिना देरी किए एक्स हैंडल देखने वाली टीम ने वीडियो बनाया और अपना काम देखाते हुए एक जानकारी शुक्रवार को पोस्ट कर दी। जिसके बाद सवाल उठने लगे कि अधिकृत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गणना रिपोर्ट आने के पहले श्रेय लेने के पीछे आखिर क्या है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष हुई गणना के मुताबिक प्रदेश में 9448 गिद्ध मिले थे।

### आरजीपीवी में निजी खातें में करोड़ो रूपए डालने का मामला

# जांच हुई तेज, कमेटी ने प्रो. राजपूत और वर्मा से किए सवाल-जवाब, दस्तावेज भी खंगाले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में एफडी के नाम पर पैसा निजी खाते में डालने के मामले में राज्य शासन द्वारा जांच कमेटी गठित की गई है। इस जांच कमेटी में तीन सदस्य सोमेश मिश्रा, प्रो. राजेश कुमार वर्मा और वित्त सलाहकार पुष्पलता शेखर को शामिल किया गया। कमेटी को 10 दिन के अंदर रिपोर्ट बनाकर शासन को सौंपनी है, जिसके आधार पर शासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी। कमेटी ने जांच भी शुरू कर दी है। शुक्रवार को जांच कमेटी द्वारा विवि में अकाउंट डिपार्टमेंट में पहुंचे और दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान कमेटी ने मामले में आरोपों में घिरे कुलसचिव प्रो. आरएस राजपूत और कंट्रोलर फायनेंस ऋषिकेश वर्मा को भी पूछताछ के लिए बुलाया था। जिसके बाद सवाल-जवाब देर शाम तक चलते रहे। हालांकि कमेटी को भी बैंकों से वांछित दस्तावेज नहीं मिल सके हैं, इसलिए जांच को अभी निर्धारित दिशा नहीं मिली है।

### प्रो. भदौरिया को प्रभार

दीक्षांत समारोह 28 फरवरी को होगा। इससे पहले प्रो. एसएस भदौरिया को आरजीपीवी का प्रभारी कुलपति बना दिया गया है। उन्होंने शुक्रवार को अपना कार्य संभाल लिया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद प्रो. सुनील कुमार को अवकाश पर भेज दिया गया है।

### आयोग ने 73 मामलों में की सुनवाई, 49 का मौके पर ही हुआ निराकरण

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने ''आयोग आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत रीवा जिले के कलेक्टर कार्यालय के मोहनसभागार में आयोग में पहले से लम्बित मामलों की जनसुनवाई की। आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने पक्षकारों, आवेदकों व जिलाधिकारियों से रूबरू होकर कुल 73 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान 49 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण भी किया गया। साथ ही पुलिस विभाग के जुड़े 16 प्रकरणों का भी निराकरण किया गया।

### 21 फीट ऊंचे रावण का दहन





**भोपाल।** पुराना शहर छोला दशहरा मैदान में माघ पूर्णिमा के 1 दिन पहले शुक्रवार को 21 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भीड़ ने भगवान श्री राम के जयकारे लगाए। छोला दशहरा मैदान पर वसंत पंचमी से शुरू हुई 10 दिवसीय वसंती रामलीला का शुक्रवार को समापन हुआ।

### बैरागढ़ में निरंकारी सेवाधारी करेंगे साफ-सफाई

# स्वच्छ जल-स्वच्छ मन अभियान का दूसरा चरण कल से

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत 'स्वच्छ जल- स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण में निरंकारी मिशन बैरागढ़ द्वारा 25 फरवरी को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक झूलेलाल विसर्जन घाट के सामने गुलाब उद्यान के समीप तालाब की साफ सफाई करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना का शुभारंभ 25 फरवरी को प्रातः 08.00 बजे सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमितजी दिल्ली में यमुना छठ घाट, आई. टी. ओ. पर किया जाएगा।

संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी ने बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जायेगी।

साफ सफाई बैरागढ़ ब्रांच संयोजक महेश वीधानी, संचालक अशोक नाथानी, सहायक शिक्षिका निशा टेकवानी, शिक्षक विजय कृपलानी, शिक्षिका सुषमा ग्वालानी, सहायक शिक्षक विजय नाथानी सहित सेवादल के भाई - बहनों द्वारा की जाएगी।

### क्रिकेट टूर्नामेंट

बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल 24वें क्रिकेट टुर्नामेंट का आरम्भ, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा से 25 फरवरी, को किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में समूचे देश के अनेक राज्यों से प्रतिभागीगण शामिल होंगे।



# बीयू में कर्मचारियों की हड़ताल जारी, मांगे पूरी नहीं होने से नाराज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में परियोजना अधिकारी की सेवाएं समाप्त करने के आदेश को निरस्त कराने सहित विभिन्न मांगो को लेकर कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। शुक्रवार को कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से विवि प्रबंधन ने मुलाकात की। कर्मचारियों ने इस दौरान कुलसचिव डॉ. आईके मंसूरी को ज्ञापन भी सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि विवि प्रशासन नरेन्द्र त्रिपाठी के प्रकरण पर चर्चा करने तैयार नहीं है। इसलिए कार्य बहिष्कार का आंदोलन निरन्तर जारी रहेगा। जबकि इस मामले में विवि के अधिकारियों का कहना है कि वे कर्मचारियों के हित में नियमानुसार और न्यायसंगत किए जाने वाली सभी कार्यों और विषयों पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

# समाधान शिविर आज, छूट का फायदा मिलेगा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

जिला न्यायालय, राजस्व न्यायालय, नगर निगम, विद्युत विभाग एवं पुलिस थानों में मामलों के निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 24 फरवरी को शिविर में लोक अदालत की तरह निगम छूट देगा। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश और प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित होगा।

**न्यायालयों, निगम निगम, बिजली विभाग, थानों शिविर**

लोक अदालत शिविर के माध्यम से समाधान आपके द्वारा योजना अनुरूप न्यायालयों के सिविल एवं आपराधिक प्रकरण तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित तथा पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण सुलह समझौते के द्वारा किया जाएगा। शिविर में बिजली, राजस्व, नगरीय निकाय, वन विभाग, एवं न्यायालयों में लंबित आपराधिक एवं दीवानी प्रकरणों सहित आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, गैस कनेक्शन, सी.एम. हेल्पलाईन, समग्र आई.डी. आदि प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### सिद्धभाऊ ने डॉक्टर्स, चिकित्सा अमले और सेवादारों का आभार जताया

# 99वें यूरोलॉजी शिविर का समापन: 161 ऑपरेशन हुए

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में जीव सेवा संस्थान के सहयोग से लगाये गये 99वें निःशुल्क यूरोलॉजी, ईएनटी और जनरल सर्जरी शिविर का समापन हो गया है । शिविर में आये 937 रोगियों में से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित 161 रोगियों के ऑपरेशन किये गये । इनमें गाल ब्लेडर के 19, हर्निया के 84, हाइड्रोसिल के 7, किडनी स्टोन के 9, प्रोस्टेट बढ़ने के 20, मूत्र नली के संकुचन रिपेयरिंग के 10 तथा 12 अन्य प्रकार की मूत्र व्याधियों के रोगियों के ऑपरेशन शामिल हैं ।

शिविर समापन अवसर पर संत सिद्धभाऊजी ने डॉक्टर्स, चिकित्सा कर्मियों और सेवादारों के प्रति आभार प्रकट किया । उन्होंने कहा कि इन सेवाओं का प्रतिफल जीवन में तो मिलेगा ही लेकिन आपने अपना दूसरा लोक भी सुधार लिया है । उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा सेवा सुविधाओं की कमी के कारण निर्धन ग्रामवासी ऐसी बीमारियों की पीड़ा सहन करते रहते हैं । ऐसे पीड़ितों की मदद के लिये की गई सेवा ही सच्ची सेवा है । संत सिद्ध भाऊजी ने डॉक्टर्स को भविष्य में भी इसी सेवा भावना के साथ रोगियों की सहायता करने का आग्रह किया । सिद्ध भाऊजी ने ऑपरेशन के बाद वार्ड में भर्ती रोगियों से उनका कुशलक्षेम पूछा और सेवादारों से चर्चा की ।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के कन्सल्टेंट कर्नल डॉ. मदन देशपाण्डे ने कहा कि शिविर में डॉक्टर्स ने काफी चुनौतीपूर्ण बीमारियों के ऑपरेशन सफलतापूर्ण किये हैं इसके लिये वे साधुवाद के पात्र हैं । डॉक्टर्स की सेवा भावना के कारण ही संत नगर में 100 यूरोलॉजी शिविर का लक्ष्य बहुत जल्दी ही पूरा हो जायेगा । प्रबंधन ट्रस्टी एल सी जनियानी ने बताया कि परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी ने 30 साल पहले संत नगर में यूरोलॉजी शिविर लगाना शुरू किया था तब से लेकर अब तक शिविरों में 51 हजार से अधिक रोगियों का उपचार और 11 हजार से अधिक रोगियों के ऑपरेशन किये जा चुके हैं ।

शिविर में डॉ. सी पी देवानी, डॉ. सुधीर लोकवानी, डॉ. निखिल टेकवानी, डॉ. कविता और डॉ. श्याम लालचंदानी, डॉ. दीपक जैन और डॉ. अजय रघुवंशी, डॉ. प्रीति मोतियानी, डॉ. जी.टी. खेमचंदानी, डॉ. पूनम खेमचंदानी, डॉ. राजेश वलेचा, डॉ. दिलीप चोटरानी और डॉ. दीपक झांगियानी ने अपनी सेवाएं दीं।

# शाह की तैयारियों में जुटी भाजपा

## ग्वालियर, खजुराहो और भोपाल में कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा के चुनाव शिल्पकार अमित शाह कल मप्र के दौरे पर आ रहे हैं। वह भोपाल में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इससे पहले ग्वालियर व खजुराहो में भाजपा के नेताओं व चुनिंदा कार्यकर्ताओं को मंत्र देंगे। इसके बाद वे शाम को भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित सम्मेलन में तीन लाभार्थी परिवारों से भी संपर्क करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, लोकसभा प्रभारी डा. महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने सभागार पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी एवं प्रदेश प्रवक्ता मिलन भार्गव उपस्थित रहे।

शाह के दौरा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठकों का भी दौर है। इसमें सभी मोर्चा प्रकोष्ठों और प्रदेश पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई। वीडी शर्मा ने कहा कि आयोजन में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। केंद्रीय गृहमंत्री शाह भोपाल के अलावा ग्वालियर और खजुराहो भी जाएंगे। भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में ग्वालियर और खजुराहो और की बैठक व सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भी समीक्षा की गई। शाह 25 फरवरी को ही ग्वालियर में ग्वालियर-चंबल क्लस्टर के चारों लोकसभा क्षेत्र ग्वालियर, मुरैना, भिंड और गुना की प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर तीन बजे खजुराहो में लोकसभा के बूथ समिति सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम छह बजे भोपाल में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करेंगे।



# 9-11वीं को माशिमं से राहत, विलंब शुल्क के साथ कर सकेंगे नामांकन और संशोधन

## त्रैमासिक, छः माही, प्री-बोर्ड व मुख्य परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि और संशोधन भी करा सकेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 2023-24 में कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों को राहत दी है। यह विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ अपना नामांकन और त्रुटि में सुधार करा सकेंगे। इसके अलावा दोनो कक्षाओं के लिए त्रैमासिक, छः माही एवं प्री-बोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि एवं प्रविष्ट अंकों में संशोधन की सुविधा भी दी गई है। इसके लिए 15 अप्रेल अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। इसको लेकर माशिमं ने गुरूवार को निर्देश जारी किए हैं।

### 9वीं के लिए होगा यह शुल्क

जारी आदेश के अनुसार, 9वीं के नामांकित छात्र के विषय, माध्यम, छात्र, माता-पिता के नाम में स्पेलिंग, जन्मतिथि एवं फोटो में संशोधन की सुविधा पांच सौ रुपए शुल्क के साथ की जाएगी। कक्षा 9वीं में अनुत्तीर्ण छात्रों को (ए-22) प्रवेश हेतु शाला में जोडने की सुविधा रहेगी। कक्षा 9वीं में सत्र 2023-24 में नामांकित नहीं हुए है, तो निर्धारित एवं विलम्ब शुल्क 500 रुपए के साथ नामांकन करने की सुविधा रहेगी। 9वीं कक्षा में अन्य राज्य बोर्ड के छात्रों को निर्धारित शुल्क एवं विलम्ब शुल्क पांच सौ रुपए के साथ नामांकन एवं ग्राह्यता की सुविधा रहेगी।

### 11वीं के लिए यह है व्यवस्था

जारी आदेश के अनुसार, 11वीं कक्षा में विषय, संकाय, माध्यम में संशोधन की सुविधा निर्धारित शुल्क 500 रुपए के साथ रहेगी। 11वीं में अन्य राज्य बोर्ड के छात्रों का निर्धारित शुल्क एवं विलम्ब शुल्क 500 रुपए के साथ नामांकन एवं ग्राह्यता की सुविधा रहेगी। 10वीं उत्तीर्ण एवं 11वीं अनुत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश सूची में नाम जोडने की सुविधा भी दी गई है।




### राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किए प्रदेशभर के कलेक्टरों को दिशा-निर्देश

## सभी स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था, बालक एवं बालिकाओं के लिए होंगे अलग-अलग शौचालय

राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के सभी स्कूलों में क्रियाशील पेयजल एवं स्वच्छता सुविधा के संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए है। जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूलों में विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं शौचालय में रनिंग वाटर सुविधा सहित साबुन से हाथ धोने की सुविधा क्रियाशील स्थिति में होना अति आवश्यक है। इस व्यवस्था को कलेक्टर एवं सह जिला मिशन संचालक को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उक्त निर्देशों का पालन समय सीमा में प्राथमिक स्तर पर सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि स्कूलों में शौचालय बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग उपलब्ध हो। यह कार्य जेजेएम, अमृत, समग्र शिक्षा योजना एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों से किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में नल से प्राप्त जल (टेप वाटर) उपलब्ध कराने की योजना क्रियान्वित की जाए।

**पानी की गुणवत्ता का भी होगा परीक्षण:** जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूलों में पानी की गुणवत्ता का परीक्षण समय-समय पर किया जाए। जहां भी आवश्यकता हो कीटाणुशोधन प्रणाली सुनिश्चित की जाए। स्कूलों में पानी और स्वच्छता सम्पत्तियों के रख-रखाव की सहायता सुनिश्चित की जाए। इसके लिये 15वें वित्त आयोग में पानी और स्वच्छता के लिये अनुदान देने और जहां भी आवश्यक हो स्वच्छ भारत कोष जैसे उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जाए।

### स्कूल बैग पॉलिसी-2020 का पालन अनिवार्य

## स्कूलों में सप्ताह में एक दिन बैग से राहत, कक्षा दूसरी तक होमवर्क नहीं



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र द्वारा जारी स्कूल बैग पॉलिसी-2020 के पालन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके अनुसार, अब प्रदेश के स्कूलों में सप्ताह में एक दिन बच्चों को बैग नहीं ले जाना पड़ेगा। एक दिन बैग विहीन दिवस के रूप में निर्धारित किया जाएगा। कक्षा दूसरी तक बच्चों को कोई होमवर्क नहीं मिलेगा। कक्षा 3 से 5वीं तक के बच्चों प्रति सप्ताह दो घंटे, कक्षा 6 से 8वीं तक प्रतिदिन 1 घंटे और कक्षा 9 से 12वीं तक प्रतिदिन 2 घंटे का ही होमवर्क दिया जा सकेगा।

**सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू:** यह व्यवस्था प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू होगी। हर तीन माह में जिले जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों का निरीक्षण भी कराना होगा, ताकि नियमों का पालन हो। स्कूल को नोटिस बोर्ड पर बस्ते के बोझ का चार्ट प्रदर्शित करना होगा। इस पर स्कूल की शाला प्रबंधन समिति नजर रखेगी। समिति इस तरह से समय सारणी तैयार करेगी कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन सभी पुस्तकेंध्कापियां नहीं लानी पड़े और बस्ते का वजन भी नियंत्रित रहे।

### यह होगा वजन

जारी आदेश के अनुसार, कक्षा दूसरी तक के लिए स्कूल बैग का अधिकतम वजन 2 किलो 200 ग्राम, कक्षा 3 से 5वीं तक के लिए अधिकतम वजन 2 किलो 500 ग्राम, कक्षा 6 व 7 के लिए अधिकतम वजन 3 किलो, 8वीं के लिए 4 किलो, 9 व 10वीं के लिए 4 किलो 500 अधिकतम वजन हो सकेगा। 11वीं 12वीं के लिए शाला प्रबंधन समिति द्वारा विभिन्न विषय स्ट्रीम के आधार पर बस्ते का वजन तय किया जाएगा।

## पदाधिकारियों से संवाद



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शाजापुर में सभी पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। पटवारी ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक न्याय की भावना के साथ राहुल गांधी यात्रा कर रहे हैं।

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने की जनसुनवाई

## 27 प्रकरणों का मौके पर हुआ निराकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र मानव अधिकार आयोग द्वारा 'आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गुरूवार को सिंगरौली जिले के कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई की। आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं माननीय सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने पक्षकारों, आवेदकों व जिलाधिकारियों से रूबरू होकर कुल 37 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान 27 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण भी किया गया, शेष 10 मामलों में क्यूरी रिपोर्ट चाही गई। सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने पुलिस से संबंधित तीन मामलों में पुनः जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।




# एमपी बोर्ड: आज बारहवीं का समाजशास्त्र विषय का पेपर हुआ, दसवीं में बने तेरह नकल प्रकरण

### भोपाल में सबसे अधिक 8 प्रकरण, संभागीय संयुक्त संचालक की टीम ने पकड़े

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। शुक्रवार को कक्षा बारहवीं का समाज शास्त्र विषय का पेपर हुआ। इस दौरान कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया गया। वहीं गुरूवार को हुए कक्षा दसवीं के विज्ञान के पेपर में सख्त व्यवस्थाओं के बाद भी प्रदेश भर में कुल 13 नकल प्रकरण बने है। इसमें सबसे अधिक 8 नकल प्रकरण भोपाल में बने। वहीं मुरैना में एक, छिंदवाड़ा में एक, ग्वालियर में एक, रीवा में एक और धार में एक नकल प्रकरण दर्ज किया गया। भोपाल में संभागीय संयुक्त संचालक भोपाल संभाग अरविंद चैरागड़े की टीम ने राजधानी के ललरिया व नजीराबाद परीक्षा केंद्र में निरीक्षण के दौरान नकल प्रकरण पकड़े।



**मेट्रो एंकर** | प्रशिक्षित मालियों से तदर्थ काम करा रहा उद्यानिकी महकमा

# अब प्रशिक्षित मालियों की नियमित नियुक्ति के लिए लामबंदी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में उद्यानिकी को बढावा देने के लिये काम करने वाला उद्यानिकमी महकमा प्रशिक्षित मालियों से काम तो ले रहा है लेकिन नियमित नियुक्ति नहीं दे रहा । यह बात हाल में सामने आई है कि सरकार मालियों को प्रशिक्षण देने के बाद भी उद्यानिकी विभाग में मालियों के नियमित पद रिक्त होने के बावजूद नियमित नियुक्ति प्रदान नहीं कर रही। उद्यानिकी विभाग में पिछले 30 वर्षों से नियमित मालियों की नियुक्ति नहीं की है जिस कारण उद्यानिकी विभाग में सैकड़ो मालियों के पद वर्तमान में रिक्त है।



उल्लेखनीय है कि मप्र में भोपाल समेत कई जिलों में विभाग की नर्सरी है,जहां पौधे तैयार करके सामाजिक वानिकी के लिये दिये जाते हैं। सरकार की संस्थायें विभाग और निजी तौर भी लोग पौधे लेकर रोपते हैं। अब मप्र कर्मचारी मंच ने मालियों को नियमित नियुक्ति दिलाने के लिये नये सिरे से कमर कसी है। मंच के बैनर तले प्रदेश के प्रशिक्षित मालियों की बैठक 26 मार्च को खेल परिसर 74 बंगला भोपाल में बुलाई गई है। मंच अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि प्रशिक्षित माली इस बैठक में ज्ञापन तैयार करेंगे तथा उद्यानिकी आयुक्त से मिलकर रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की मांग करेंगे,यदि तेजी से कार्रवाई नहीं हुई तो आगे मैदानी तौर पर आंदोलन की तैयारी होगी।

### हर माह प्रशिक्षण

बताया जाता है कि मप्र का उद्यानिकी विभाग प्रदेश के समस्त विभागों में मालियों प्रतिमाह प्रशिक्षण तो दे रहा है लेकिन नियमित नियुक्ति देने की कार्यवाही करने के नाम पर विभाग चुप्पी साध लेता है। जबकि प्रशिक्षित माली प्रदेश सरकार एवं उद्यानिकी विभाग से वर्षों से माली के नियमित पदों पर नियुक्ति देने की मांग कर रहे हैं। हालांकि अधिकांश ऐसे हैं जो सेवानिवृत्ति की आयु तक पहुंचने वाले हैं।



## सुविचार

''जब आप फ़िक्र में होते है तो आप जलते है, जब आप बेफिक्र होते है तो दुनिया जलती है।''

– अज्ञात

## संपादकीय

# संवाद का मौजूदा स्तर

*हम एक ऐसे दौर में पहुंच रहे हैं, जहां संवाद की कमी है,सौजन्यता तक से लोग दूर हो रहे हैं और बातचीत का स्तर भाषाई तौर पर बहुत कमजोर है या व्यंग्यात्मक है। खास तौर पर सामाजिक और राजनीतिक जगत में शब्दों में गरिमा की कमी शिद्दत से महसूस की जा रही है। इस दौर से रेडियो के मशहूर प्रस्तोता या एंकर अमीन सयानी का जाना यूं तो कोई साम्य पैदा नहीं करता लेकिन यह बात जरूर ताजा करता है कि जब अमीन सयानी रेडियो पर अपनी शानदार आवाज व नपे तुले और गरिमायम शब्दों के साथ श्रोताओं से रूबरू होते थे तो लोग मुग्ध हो जाते थे। यही संवाद का सही तरीका भी है। दरअसल कई बार कोई शख्स अपने व्यक्तित्व के किसी ऐसे खास पहलू से पहचाना जाने लगता है, जो बहुत सारे लोगों के दिल-दिमाग में ठहर-सा जाता है। सयानी की आवाज और उसके जरिए किसी कार्यक्रम की प्रस्तुति के अंदाज में वही जादू और सम्मोहन था, जिसकी वजह से आज दुनिया भर में लोग उन्हें जानते और याद करते हैं। अब उनके जाने के बाद लोग उन्हें बस याद कर पाएंगे, मगर उनकी आवाज साथ में आसपास कहीं गूंज रही होगी। दरअसल, उनके व्यक्तित्व को एक पहचान देने में उनकी आवाज के साथ किसी कार्यक्रम को पेश करने का उनका सलीका और अंदाज उन तमाम लोगों के दिल में आज भी बसा होगा, जो उस दौरान रेडियो सीलोन पर 'बिनाका गीत माला' सुनने के लिए अलग से वक्त निकालते थे। उस दौर के लोग याद कर सकते हैं कि कैसे श्रोता रेडियो सीलोन का सिग्नल लगाने के लिए आसपास जगह बदलते थे, उसकी 'लाल सुई' को खिसकाते या रेडियो का रुख बदलते थे, तो कभी आवाज धीमी होने या टूटने की वजह से कान में रेडियो लगा कर गौर से सुनने की कोशिश करते थे। रेडियो पर उनके किसी कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही कई बार यह भी होता था कि अमीन सयानी की आवाज बाद में आती थी, सुनने वाले किसी व्यक्ति के मुंह से उसी अंदाज में पहले निकल जाता था- 'बहनों और भाइयों.. !' उस दौर में रेडियो के जरिए जिस स्वरूप में लोगों को मनोरंजन मिल रहा था, उसमें अमीन सयानी ने अपने कार्यक्रमों से एक खास तरह की गरिमा भरी थी। उनके नाम कई रिकार्ड और पुरस्कार हैं। मगर सबसे अहम पहलू यह था कि सहज बोलचाल की जुबान में कार्यक्रम पेश करते थे, उसमें हिंदी व ऊर्दू का पुट होता है। यह बात साहित्य प्रेमियों से लेकर आम लोगों तक के दिल में उतरती थी। न जाने कितने लोग होंगे, जो उनके जरिए हिंदी के साथ उर्दू, फारसी शब्दों और गीतों से जुड़े ब्योरों से पहली बार रूबरू हुए होंगे। बहरहाल अमीन सायानी करीब दो दशक से आवाज की दुनिया से दूर थे और नयी पीढी तो उनके जादुई आवाज व संयमित बोलचाल के अंदाज से वाकिफ भी नहीं है। मगर तकनीक की दुनिया ने इतना तो संभव कर दिया है कि मशहूर कार्यक्रम बिनाका गीत माला की यादों पर केंद्रित 'सारेगामा कारवां' से लेकर अन्य रेडियो श्रृंखलाओं और साक्षात्कारों के जरिए लोग जब चाहे उनकी आवाज और उनके अंदाज के साथ हो लेंगे, मगर इसके लिए उनके स्वर की संवेदना के सम्मोहन में भी गहरे उतरना होगा। बहरहाल, अमीन सयानी के निधन के बाद ही सही, यदि यह पीढी उनके पुराने कार्यक्रम सुनेगी तो कुछ सीखेगी ही। यदि सार्वजनिक व राजनीतिक जीवन से जुड़े लोग भी सीखें तो बेहतर होगा।*

## आज का इतिहास

- 1066 - नॉर्मन कॉन्क्वेस्ट- विलियम द कॉन्करर को इंग्लैंड के राजा का ताज पहनाया गया।
- 1643 - ईस्ट इंडिया कंपनी के जहाज के कप्तान विलियम मायर्स, रयल मैरी, एक निर्जन द्वीप पर उतरे और इसका नाम क्रिसमसलैंड रखा।
- 1763 - भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या।
- 1771 - मुगल शासक शाह आलम द्वितीय मराठों के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे।
- 1861 - महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक मदन मोहन मालवीय का जन्म।
- 1872 - संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड पंडित गंगानाथ झा का जन्म।
- 1876 - पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना का कराची में जन्म।
- 1878 - डॉक्टर चार्ल्स ड्राईस्डेल ने एक लेख लिखकर सबसे पहले तंबाकू से होनेवाले नुकसान की जानकारी दी।
- 1924 - पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म।
- 1926 - जापान के सम्राट तायशो की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हुई।
- 1946 - ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया।
- 1962 - सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- 1972 - भारत के अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का निधन।
- 1974 - रोम जा रहे एयर इंडिया के विमान बोइंग 747 का अपहरण।
- 1977 - दुनिया के मशहूर अभिनेता चार्ली चैप्लिन का निधन।
- 1978 - वियतनाम ने कंबोडिया के खमेर रूज के खिलाफ एक बड़ा आक्रामक शुरू किया।
- 1991 - मिखाइल गोर्बाचेव ने सोवियत संघ के प्रतिनिधि के रूप में इस्तीफा दिया।
- 1994 - पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह का निधन
- 1998 - रूस एवं बेलारूस ने एक संयुक्त संघ बनाये जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 2002 - चीन और बंगलादेश के बीच रक्षा समझौता हुआ।
- 2005 - मारीशस में 400 वर्ष पूर्व विलुप्त डोडो पक्षी का दो हजार पुरान अवशेष मिला।
- 2008 - भारत के द्वारा अंतरिक्ष में भेजे गये चंद्रयान-1 के 11 में से एक पेलोडर्स ने चन्द्रमा की नयी तस्वीर भेजी।

## आज का कार्टून




# क्या अब पारदर्शिता आएगी, राजनीतिक फंडिंग पर बाकी हैं कुछ आशंकाएं

**सिद्धार्थ सिंह**

सर्वोच्च न्यायालय ने वित्त अधिनियम, 2017 में पेश की गई चुनावी बॉन्ड योजना को हाल ही में रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि बॉन्ड संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत सूचना के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। अदालत ने यह भी माना कि असीमित कॉरपोरेट फंडिंग की अनुमति देने वाली कंपनी अधिनियम की धारा 182(1) के प्रावधान को हटाना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, जो कानून के समक्ष समानता का सिद्धांत पेश करता है। शीर्ष अदालत ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से कहा है कि 12 अप्रैल, 2019 तक की गई ऐसी सभी खरीद का विवरण आगामी छह मार्च तक चुनाव आयोग को दें। साथ ही चुनाव आयोग को एसबीआई से मिली सभी जानकारियों को अपनी वेबसाइट पर 13 मार्च तक प्रकाशित करना होगा। चुनावी बॉन्ड योजना के तहत कोई व्यक्ति या संगठन उन्हें खरीद सकता है और अपनी पसंद के राजनीतिक दल को दान कर सकता है। ये दल उन्हें 15 दिन के बाद भुना सकते हैं। इन बॉन्डों को खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए सख्त केवाईसी मानदंड हैं। खरीदारों की पहचान एसबीआई को होती है, जिसके पास इसके लेन-देन का एक समर्पित विंग है।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं की शिकायत यह थी कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और कंपनी अधिनियम के तहत राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता के उद्देश्य को विफल करती है। लेकिन मौजूदा व्यवस्था के अभाव में चुनावी बॉन्ड योजना के खत्म हो जाने पर पारदर्शिता आने के बजाय राजनीतिक फंडिंग के और अधिक अपारदर्शी हो जाने की आशंका है। दरअसल, कोई भी कंपनी किसी राजनीतिक दल को बड़ा चंदा नहीं देना चाहेगी, और विशेष रूप से खुलेआम ऐसा करते हुए दिखना भी नहीं चाहेगी। इसकी वजह यह नहीं है कि कॉरपोरेट फंडिंग किसी भी तरह से भ्रष्ट या अवैध है, बल्कि यह है कि कोई खास व्यक्ति या कंपनी किसी खास राजनीतिक दल को इसलिए पसंद करती है, क्योंकि उसे लगता है कि उसकी आर्थिक नीतियां एवं विचार अन्य दलों से बेहतर हैं। लेकिन इस व्याख्या को या तो अस्वीकार्य माना जाता है या छोड़ दिया जाता है। स्वतंत्र भारत का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है कि पहले इस तरह के राजनीतिक चंदे गुप्त रूप से या अधिकांशतः भ्रष्ट तरीके से दिए जाते थे। चुनावी बॉन्ड योजना राजनीतिक चंदे के उन अनियमित साधनों को खत्म करने के लिए एक सुधारात्मक योजना थी। बॉन्ड नकद नहीं खरीदे जा सकते थे और उनकी खरीद के लिए सख्त केवाईसी मानदंडों की आवश्यकता थी।




यह एक मिथक है कि भारतीय लोकतंत्र %छोटे दान% से जीवित रह सकता है और बड़े पैमाने पर राजनीतिक अभियान जारी रख सकता है, जो भारतीय राजनीति की विशेषता है। अब समय आ गया है कि भारत को आधुनिक एथेंस के रूप में देखना बंद कर दिया जाए, जहां छोटी-मोटी नकदी और अल्पकालिक चंदा पारदर्शिता के लिए अद्भुत काम करेगी। चुनाव प्रचार में खर्च होने वाली राशि पर विचार करें। वर्ष 2019 के चुनाव में 55 से 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इतनी ज्यादा रकम चुनावों की स्टेट फंडिंग से नहीं आ सकती। आप निश्चिंत हो सकते हैं कि यह पैसा दान से भी नहीं आ सकता है। यह विश्वास कि चुनाव को परोपकारी संरक्षकों द्वारा वित्तपोषित किया जा सकता है, शहरी आख्यान है। भारतीय लोकतंत्र खर्चीला है, लेकिन भारतीय राजनीति को पवित्र करने की इच्छा रखने वाले एक्टिविस्ट वकील इस तथ्य को स्वीकार करने से इन्कार करते हैं।

कागज पर अदालत का फैसला 'सूचनात्मक लोकतंत्र' की धारणा को आगे बढ़ाता है, जहां मतदाता राजनीतिक दलों, संबंधित उम्मीदवारों और इन पार्टियों और उम्मीदवारों की नीतियों के बारे में जानकारी के आधार पर विकल्प चुनते हैं।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आगे कहा, 'प्रभावी ढंग से अपनी पसंद के उम्मीदवार को मतदान करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है।' लेकिन सर्वोच्च अदालत के फैसले से यही लगता है कि न्याय एक बार फिर मुट्ठी भर एक्टिविस्ट वकीलों द्वारा फैलाए गए %राजनीतिक जाल% में फंस गया है।

सवाल यह है कि ऐसी %बेहतर% जानकारी की उपलब्धता मतदाता की पसंद को किस हद तक प्रभावित करेगी? शहरी क्षेत्रों के एक बेहद छोटे वर्ग को छोड़कर भारत के अधिकांश लोग राजनीतिक फंडिंग के स्रोतों की परवाह नहीं करते। ग्रामीण और अर्ध ग्रामीण भारत में फसलों के लाभकारी मूल्य, खाद-बीज की कीमत, सरकारी नौकरी, शिक्षा के अवसर और जीवन की संभावनाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे महत्वपूर्ण हैं।

कुछ अत्यंत भ्रष्ट पार्टियां और राजनेता ये सब चीजें उपलब्ध कराकर सफल हो जाते हैं, जबकि अच्छे उम्मीदवार और पार्टियां विधानसभाओं में प्रवेश नहीं पातीं, क्योंकि वे वह नहीं कर पाते, जो भारतीय राजनीति की उथल-पुथल में आवश्यक है। इसकी संभावना बहुत कम है कि राजनीतिक दलों के फंडिंग स्रोतों का पता चलने से मतदाताओं के %बेहतर% चुनावी विकल्प चुनने पर कोई प्रभाव पड़ेगा। यह एक और शहरी कानूनी किंवदंती है। अब जबकि लोकसभा के चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं, यह स्पष्ट नहीं है कि चुनावी फंडिंग के मोर्चे पर आगे क्या होगा। लेकिन यह साफ है कि जैसे पानी अपने बहने का रास्ता ढूंढ लेता है, राजनीतिक दल भी फंडिंग का रास्ता ढूंढ लेंगे।

कई लोगों को इस बात से परेशानी थी कि चुनावी बॉन्ड योजना के तहत दान का एक बड़ा हिस्सा भाजपा की झोली में चला गया। कथित तौर पर यह अन्य राजनीतिक दलों से समान अवसर छीन लेता था। यह उन लोगों की वास्तविक, लेकिन अघोषित शिकायत के मूल में था, जो चुनावी बॉन्ड योजना को गैर-कानूनी घोषित करना चाहते थे। यह याद रखने योग्य है कि भारतीय राजनीति की प्रकृति ऐसी है कि सत्तारूढ़ पार्टी ही राजनीतिक अभियानों के लिए जरूरी अधिकतम संसाधन जुटाती है। यह जवाहर लाल नेहरू के भारत के लिए भी उतना ही सच था, जितना आज है। लेकिन प्रचार की ताकत ऐसी है कि इतिहास के इस पहलू को या तो नकार दिया जाता है या दबा दिया जाता है और अतीत को सुनहरे रंगों में रंग दिया जाता है, जबकि समकालीन वास्तविकता को अंधकारमय बताया जाता है।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# समृद्धि के शिखर एवं गरीबी के गड्ढ़े वाली दुनिया

**ललित गर्ग**

वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति समय-समय पर देते हुए इसे संतुलित एवं समानतामय संसार-संरचना के लिये घातक बताया है। संभवतः यह एक बड़ी क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी बन सकता है। ऑक्सफैम के अनुसार आर्थिक असमानता के लिहाज से पिछले कुछ साल काफी खराब साबित हुए हैं। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। भारत में भी भले ही गरीबी कम हो रही हो, लेकिन अमीरी कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है। बीते चार सालों की घटनाएं, इनमें चाहे कोरोना हो या युद्ध या इससे उपजी महंगाई, बेरोजगारी, अभाव इन सभी कारणों के चलते साल 2020 के बाद दुनियाभर में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। दूसरी ओर इसी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के पांच शीर्ष धनाढ्यों की दौलत पिछले चार साल में 869 अरब डॉलर बढ़ी है। क्या यह आश्चर्य का विषय नहीं कि विकसित दुनिया की दौड़ में कुछेक लोग सबसे आगे दौड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में गरीब दहलीज पर खड़े हैं? वो लोग जो अमीरी के शीर्ष पर हैं, वे वर्चुअल दुनिया और एक ग्लोबल बाजार के मालिक हैं। ऐसे लोगों के सामने आम आदमी की गरीबी दूर करने का नहीं, बल्कि अपनी समृद्धि बढ़ाने का लक्ष्य है। यह ऐसी दौड है जो असंतुलन को न्यौतती हैं, दुःख, अभाव एवं असंतोष बढ़ाती है।

भारत में अंबानी एवं अडाणी छोटे व्यापारियों के निवाले छीन रहे हैं तो दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण बाजारवादी नीतियों का हिस्सा एवं ईश्वर की रची मानव-संरचना में बेहूदा हस्तक्षेप है। संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि इस प्रत्यारोपण का लक्ष्य मानव-कल्याण कदापि नहीं है। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज एवं कुछेक लोगों तक केन्द्रित होती समृद्धि मानवता की संहारक नहीं बन रही है? जनता में आक्रोश एवं विद्रोह का बड़ा कारण नहीं बन रही है?

भारतीय लोग इनदिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली



हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। प्रश्न यह है कि क्या समृद्धि लोगों की शक्ति ही समाज के विकसित होने का मापदंड होती जा रही है? क्या इधर जीवन मूल्यों पर मनुष्य या मानव समाज की पकड़ कमजोर हो रही है और बाजार की मजबूत क्योंकि इन समृद्ध लोगों की बाजारवादी नीतियों से खरीदना, निरंतर खरीदना एक सामाजिक आदत-सी बन गई है। आम जनता से अधिक इन समृद्ध लोगों पर सरकार का भरोसा बढ़ना एक आदर्श समाज व्यवस्था की बड़ी विसंगति एवं विडम्बना है। मुश्किल यह है कि किसी के दुख को समझने के लिए जो जीवन मूल्यों की नजर चाहिए, उसे बाजार ने हाई-जैक कर लिया है। इंसानियत कमतर हो तो कोई बात नहीं, ब्रांड वैल्यू बढ़नी चाहिए? ऐसी परिस्थिति में आम आदमी क्या करे?

महात्मा गांधी को पूजने वाले सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त एवं ऐसे ही आर्थिक समानता के सिद्धांतों को बड़ी चतुराई से किनारे कर रखा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। ऐसे नये बन रहे आर्थिक समाज एवं चैट जीपीटी और जेमिनी के जमाने में बाजारवाद गूगल फिट जिस वर्ग को चहलकदमी के लिए प्रेरित करता है, वह वर्ग यह कैसे समझे कि युद्ध हो या महामारी, आर्थिक संकट हो या एआई का भय, हर परिस्थिति में गरीब, और गरीब होता जाएगा।

भारत आम चुनाव की चौखट पर खड़ा है, चुनाव में जीत हासिल करने की दौड़ तो सभी दलों में देखने को मिल रही है, लेकिन आम जनता के सामने खड़े बुनियादी प्रश्नों एवं संकटों का समाधान देने की पहल कोई दल करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इन सभी दलों को बाजार बनते भारत के फायदे तो नजर आ रहे हैं लेकिन भूख, अस्वास्थ्य, अशिक्षा, बेरोजगारी की समस्या का कोई ठोस समाधान इनमें से किसी भी दल के पास नहीं हैं। हर दशक गरीब और गरीब होते चले गए। और कहीं ना कहीं इसने एक सामाजिक निष्ठुरता को भी जन्म दिया जहां एक ओर तकनीक अपने चरम पर नजर आती है और वर्चुअल ही रियल बनता दिखता है और पैसा कमाना, रिश्ते बनाना और सामान खरीदना ही जीवन का यथार्थ बनता दिखता है। एमेजॉन ने हम सभी को बहुत सारी सुविधाएं तो दीं लेकिन साथ ही वस्तुओं को खरीदने व संग्रह करने की एक कभी ना खत्म होने वाली भूख भी दे दी। समस्या यह नहीं कि कुछ लोग अमीर क्यों हो गए? या यह दुनिया तकनीक से लैस क्यों हो गई? प्रश्न यह है कि आखिर गरीबी से यह पृथ्वी मुक्त कब होगी? या होगी भी कि नहीं? मंगल ग्रह पर वो गरीब कैसे जाएंगे जो पृथ्वी पर जीवन-मरण के संघर्ष से जूझ रहे हैं? अमीरों की चतुराई, चालाकी एवं समृद्धि की भूख समूची सृष्टि के विनाश का कारण बने, उससे पहले सरकारों को अपनी सोच को बदलना होगा।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**



## संत गाडगे की जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित...

*नर्मदापुरम। समाज सुधारक संत गाडगे की जयंती पर सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच द्वारा संतश्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। नेहरू पार्क में आयोजित कार्यक्रम में अरुण दीक्षित, के एन त्रिपाठी सत्तार खान लखन रघुवंशी अकरम खान डा. सुरेंद्र जीत सिंह, अशोक दिबोलिया डा. मयंक तोमर भागचंद्र बरगले जयबाला निगम सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थित होकर संत श्री को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन के जीवन पर प्रकाश डाला.*

### द्वितीय दिवस में शासन की योजनाओं की जानकारी तथा लाभ प्रदान किया गया

# नर्मदापुरम् में विकसित भारत संकल्प यात्रा का द्वितीय चरण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र नर्मदापुरम् में द्वितीय दिवस 23 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे विधायक माननीय डॉ. सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' द्वितीय चरण हेतु वेन का वार्ड क्रमांक 15. हरियाली चौक पर आगमन हुआ, जिसमें यात्रा में पधारे मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत सत्कार हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन् शर्मा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं कन्या पूजन कर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं गतिविधियों से अवगत कराया गया तथा प्रधानमंत्री का संदेश वाचन एवं संकल्प वीडियो विकसित भारत की एवं फिल्म का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ एवं बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुती दी गई, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत स्व. सहायता समूह, पी.एम.स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों द्वारा प्राप्त योजनाओं के संबंध में अनुभव साझा करने हेतु मंच पर भाषण हुए तथा श्रीमति नीतू यादव अध्यक्ष नगर पालिका एवं रोहित गौर मण्डल अध्यक्ष भाजपा द्वारा सम्मान समारोह एवं क्वीज प्रतियोगिता एवं समस्त योजनाओं के हितग्राहीयों को मुख्य अतिथि द्वारा लाभ वितरण किए जाने एवं कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति तथा वक्तव्य हेतु आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा येन वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 एस.पी.एम.गेट क्र. 01 के सामने हरदा रोड कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान हुआ।



इसी तरह दोपहर 02:30 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा वेन वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 एस.पी.एम. गेट क्र. 01 के सामने हरदा रोड कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने उपरांत प्रातः काल की भाँतियात्रा में पधारे मुख्य अतिथि, एवं गणमान्य अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत सत्कार हुआ। मुख्य अतिथि माननीय डॉ. सीतासरन् जी शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं कन्या पूजन कर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं गतिविधियों से अवगत कराया गया तथा माननीय प्रधानमंत्री महोदय जी का संदेश वाचन एवं संकल्प वीडियो विकसित भारत की एवं फिल्म का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम एवं बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुती दी गई, मेरी कहानी मेरी जुबानी अतर्गत स्व. सहायता समूह, पी.एम. स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना हितग्राहियों का अनुभव साझा करने हेतु मंच पर भाषण हुए तथा सम्मान समारोह एवं क्वीज प्रतियोगिता एवं समस्त योजनाओं के हितग्राहीयों को मुख्य अतिथि द्वारा लाभ वितरण किए जाने एवं कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति तथा वक्तव्य से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया जाकर कार्यक्रम का समापन किया गया है।

उक्त दोनों कार्यक्रमों के दौरान वार्ड क्र 13,14,15,16,17,18 एवं 19 तथा वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 29, 30,31,32 एवं 33 के हितग्राहियों सहित कुल 2244 व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें से कुल 1189 लोगों को लाभान्वित किया गया एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।

उपरोक्त कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन् जी शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति नीतू यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



**नर्मदापुरम।** रेलवे स्टेशन के पास बीच सड़क पर चल रही चाय पान की दुकान। विद्युत ट्रांसफारमर से सटी दुकान के सामने खड़े होकर चाय पीने वालों से आवागमन तो प्रभावित होता ही साथ ही दुर्घटना का भी खतरा है। देर रात तक चलने वाली इस दुकान पर रात में कई असामा जिक तत्वों का आना जाना भी लगा रहता है।

# पांच पटाखा विक्रेता के लाइसेंस निरस्त

### एक के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार मानक मापदंडों के अनुरूप पटाखा गोदाम दुकानों का संचालन न करने वाले पटाखा विक्रेताओं के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले के तीन अनुज्ञप्तिधारियों क्रमशः महेश आहूजा पिता टेकचंद आहूजा निवासी ग्राम भौंखेड़ी खुर्द तहसील सोहागपुर अनिल बाजपेई पिता नारायण प्रसाद वाजपेयी निवासी इटारसी एवं सिद्धार्थ पटेल आत्मा सुरेंद्र कुमार पटेल निवासी सोनासांवरी तहसील इटारसी को मुख्य विस्फोटक नियंत्रक आगरा उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक भोपाल द्वारा प्रदत्त लाइसेंस को विस्फोटक नियम 2008 के नियम 118 (5)(1) के प्रावधानों के अंतर्गत जनहित व जन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तीनों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के लिए मुख्य विस्फोटक नियंत्रक आगरा को पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार अनु विभाग सिवनी मालवा अंतर्गत अनुज्ञप्तिधारी प्रमोद तमोली पिता राधेश्याम तमोली तथा ग्राम सेमरी हरचंद तहसील सुहागपुर अंतर्गत मनमोहन अग्रवाल पिता नंदकिशोर अग्रवाल द्वारा लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराए जाने के कारण एवं अनुज्ञप्त परिसर का उपयोग भिन्न प्रयोजन के लिए किए जाने के कारण उनका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया।

**3 विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने के लिए लिखा गया पत्र**

अनुविभाग इटारसी अंतर्गत सर्वश्री शेख गुलबहार पिता शेख अहमद, शेख अरमान पिता शेख जुम्मन एवं शेख जुम्मन पिता शेख अहमद तीनों निवासी पीपल मोहल्ला इटारसी द्वारा विस्फोटक नियम 2008 के नियम 83 (2) के उल्लंघन के कारण इनका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। अनुविभाग पिपरिया अंतर्गत मदनलाल पटवा पिता हर प्रसाद पटवा निवासी सुभाष वार्ड पिपरिया के द्वारा बिना विद्या लाइसेंस के पटाखा संग्रहण/विक्रय करते पाए जाने के कारण अनुविभागीय दंडाधिकारी पिपरिया को विस्फोटक अधिनियम 1884 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 तथा विस्फोटक नियम 2008 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# ग्रामीणों ने नशा से मुक्ति के लिए रैली निकालकर किया जागरुक




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बिल्धी में 7 दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है। ग्राम के निवासियों को नशा मुक्ति हेतु जागरुक करने हेतु रैली आयोजित की गई। आज आयोजित बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवकों को डॉ रश्मि सोनी द्वारा पोषण विषय पर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण बात उभर कर सामने आई वह थी हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता। वर्तमान समय में युवा उन भोज्य पदार्थों की ओर आकर्षित होते हैं जो स्वास्थ्य वर्धक नहीं हैं।हमें हमारे भोजन में प्रोटीन, विटामिन, कैल्सियम आदि को संतुलित मात्रा में लेना चाहिए।बाल संरक्षण विषय पर अपनी बात रखते हुए डॉ सतीश बालापुरे द्वारा बाल संरक्षण अधिनियम के विषय में जानकारी दी गई। वित्तीय साक्षरता विषय पर स्वयं सेवकों को जागरुक करते हुए डॉ योगेश खंडेलवाल ने बताया कि वर्तमान समय में स्वयं को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाए रखना सबसे अधिक जरूरी है। इस हेतु अनजान लोगों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी नहीं देना चाहिए, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए, किसी को भी ओटीपी नहीं देना चाहिए। एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहन गुर्जर ने बैच दे कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी स्वयं सेवक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## किसान अपनी पैदावार बढ़ाने के लिए कृषि संबंधित दी जानकारी

**सिवनी मालवा।** रबी/बसंत कालीन फसलों के लिए भारत सरकार दलहन विकास निदेशालय द्वारा कृषि परामर्श/सलाह जारी की गई है। संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए किसान भाईयों से कहा कि वे गेहूँ, चना, मटर, मसूर, गन्ना, सरसों, ग्रीष्मकालीन मूंग, उड़द व तिल आदि फसलो के लिए जारी परामर्श के अनुसार अधिक उत्पादन ले सकते हैं।

# नर्मदा कॉलेज में विद्यार्थियों को एबीसी आईडी बनाने के निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय छात्रों को एबीसी डिजिलॉकर आईडी बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने जानकारी दी कि डिजिटल इंडिया के अंतर्गत पेपरलेस कार्य के साथ डाटा संग्रहण के लिए डिजी लाकर बनाए जा रहे है जिसमें संबंधित के समस्त अनिवार्य दस्तावेज, आधार कार्ड,पेन कार्ड, डाइविंग लाइसेंस ,अंक सूची, परीक्षा फार्म तथा जमा की गई फीस का ब्यौरा सुरक्षित रखे जा सकते हैं.अतः सभी विद्यार्थी अनिवार्य रूप से अपने डिजी लाकर और ए बी सी आई डी बनाकर हार्डकॉपी जमा करें।आई टी प्रभारी डॉ कमल वाधवा ने बताया कि प्रत्येक नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों के ए बी सी आई डी के माध्यम से ही परीक्षा फार्म जमा हो सकेंगे। तथा इसमें छात्रों के क्रेडिट जमा होंगे । यदि नहीं बनाने की स्थिति होगी तो विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरने और मुख्य परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। साथ ही स्कालरशिप के फार्म भरने में भी पात्र नहीं होंगे। छात्र अपने मोबाइल पर स्वयं आई डी बना सकते हैं अधिक जानकारी के लिए एम पी आनलाइन और महाविद्यालय के प्राध्यापकों से संपर्क करें।

**उच्च शिक्षा विभाग ने परीक्षा फार्म के लिए अनिवार्य किया डिजी लाकर बनाना**

**मेट्रो एंकर** | भागवत कथा का आयोजन

# 'मनुष्य के जीवन का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत बताती है'



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम म्याऊगांव में पटेल पटेल परिवार द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को संत प्रहलाद महाराज ने मनुष्य के जन्म और मृत्यु की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मनुष्यों के जीवन का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। कथा की विस्तार में कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है भागवत कथा बताती है कि कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है। इस अवसर पर दूर दूर से बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु महिला पुरुष कथा श्रवण करने आ रहे हैं।




## पुलिस व्यवस्था की नब्ज टटोलने रात एक बजे निकले विधायक

# मुख्य बाजार की चौकी पड़ी थी खाली, छतरी नाके पर डायल 100 में सो रहे थे पुलिसकर्मी

### बगैर बंदूक बाजार में मिली पुलिस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।** रात्रि में जिन पुलिसकर्मियों की जहां-जहां ड्यूटी होती है। इनमें से अधिकांश के द्वारा अपने काम को गंभीरता से नहीं किया जाता है जिसकी पोल भी विधायक के द्वारा रात्रि में किए गए औचक निरीक्षण में खुल गई। चोर चक्की बदमाशों कड़ा संदेश देने के लिए पुलिसकर्मियों को पूरी तैयारी के साथ गस्त पर रहना चाहिए शर्मा ने पर ऐसा देखने को नहीं मिला।



विधायक उमाकांत शर्मा शहर में पुलिस किस तरीके से नगर वासियों की सुरक्षा के लिए काम कर रही है। किसी भी तरह की वारदात से निपटने के लिए पुलिस कितनी मुस्तेज है उसकी जमीनी रखने के लिए गुरुवार की रात्रि में 12 से 2 बजे के बीच में थाने से लेकर दोनों पुलिस चौकी और मुख्य बाजार में पहुंचे तो पुलिस व्यवस्था जिस तरीके से होनी चाहिए थी वैसी नहीं मिली सबसे बड़ी बात तो है कि शहर के मुख्य बाजार में संचालित होने वाली पुलिस चौकी खाली पड़ी हुई थी इसी तरह के बुरे हाल छतरी नाके पर भी देखने को मिला यदि कोई किसी भी तरह की घटना को अंजाम देकर भाग सकता है क्योंकि यहां पर हंड्रेड के जवान गाड़ी में सो रहे थे। पुलिस चौकी के गेट लगे हुए थे मुख्य बाजार में दो पुलिसकर्मी ग्रस्त करते हुए नजर आए पर उनके हाथों में भी सुरक्षा के लिए कोई शास्त्र हथियार नहीं थे ।इस वजह से किसी भी तरह की घटना दुर्घटना को अंजाम देकर भागने चोर बदमाशों को पुलिसकर्मी रोक भी नहीं पाएंगे । इसके बाद विधायक थाने भी पहुंचे और उन्हें बाकी व्यवस्था को भी जाना फिर उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि अमले की कमी है पर जो अमला है उसी हमे व्यवस्था करवानी होगी जितनी भी पुलिस टीम है उसको अपने काम को पूरी जिम्मेदारी से करना होगा अभी जिन पुलिस कर्मियों की रात्रि में ड्यूटी है वह पूरी तरह से मुस्ताते नहीं है लापरवाही बड़ती जा रही है ।शहर वासियों की सुरक्षा का दायित्व पुलिस का है इसमें किसी भी तरह की चुक नहीं होनी चाहिए पुलिसकर्मी पूरी ईमानदारी से ड्यूटी करें जिसकी जहां ड्यूटी है वह पूरे समय वहां मौजूद रहकर सतर्क रहे इस तरह की लापरवाही फिर से नहीं मिलनी चाहिए ऐसे कदम उठाए जाएं। छतरी वाली पुलिस चौकी में तैनात पुलिस कर्मी भी मुस्तेज रहना चाहिए 100 डायलॉग के जवान भी मुस्तेज रहे मिलते हैं । अभी हंड्रेड डायल पर तैनात पुलिसकर्मियों गहरी नींद में सौ रहें थे। दूसरी और मुख्य बाजार की पुलिस चौकी में जिन जवानों की ड्यूटी है वह वहां पर मौजूद थे इसी तरह दो जो जवान बाजार में ग्रस्त कर रहे थे वह विन हथियार के मिले इस हालत में वह नगर वासियों की सुरक्षा कर पाएंगे इन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शहर की सुरक्षा हमारी और पुलिस की जिम्मेदारी है इसमें किसी भी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए दूसरी ओर जिन पुरस्कारियों की ड्यूटी रहती है वहां अपनी ड्यूटी को रात्रि में गंभीरता से नहीं करते हैं । इस वजह से लापरवाही सामने आती है। पहले भी विधायक के द्वारा जब रात्रि मे औच निरीक्षण किया था तब भी इसी तरह की कमी देखने को मिली थी दोबारा भी उसी तरह के हालात देखने को मिलें हैं। अब देखना है कि पुलिस की कार्यप्रणाली में कितना बदलाव होगा या फिर इसी तरह की लापरवाही होती रहेगी रात्रि में कोई भी कहीं भी बिना किसी रोक-टोक के आता जाता रहेगा।

## विधायक ने लगाया जनता दरबार, शिकायत करने उमड़े लोग, समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश





नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने घर पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनते हुए उनके निराकरण के संबंध संबंधित में विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी की समस्या का समाधान समय सीमा के अंदर करके इनको अवगत कराया जाए किसी भी तरह से इन शिकायतों का समाधान करके शिकायतकर्ताओं को पूरी जानकारी दें जैसे ही विधायक लोगों से उनकी समस्याएं के संबंध में आवेदन लेंगे इसकी जानकारी लगी तो बड़ी संख्या में लोग आवेदन देने के लिए पहुंच गए क्योंकि जनता को पूरे समय विधायक मिल नहीं पाते हैं। इस वजह से इसी तरह का शिविर लगाकर विधायक लोगों की समस्याएं सुनते हैं। इसके अलावा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को केंद्र सरकार के द्वारा भारत रत्न देकर सम्मानित किया गया है। इसके चलते केंद्र सरकार के अभूतपुर निर्णय पर सेन समाज जनों ने विधायक को आभार पत्र भेंट किया। गांव चलो अभियान में विधायक उमाकांत शर्मा पूरी सक्रियता के साथ ग्राम-ग्राम पहुंच कर ग्राम स्तरीय सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियो में सहभागी हो रहे है एवं लगातार ग्रामो का दौरा कर रहें है इसी क्रम में गुरूवार को श्री शर्मा नगर से कुछ ही किलोमीटर दूर स्थित ग्राम आमाढाना पहुंचे जहां माँ जगदंबा की प्राण प्रतिष्ठा के समापन अवसर पर शामिल हुए एवं महंत संजय बाबा का स्वागत किया साथ ही क्षेत्र की खुषहाली, प्रगति, उन्नति हेतू आषीर्वाद लिया साथ ही सहभोज मे भी शामिल हुए।

# आईटी-सोशल मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ताओं का विधायक ने किया सम्मान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



गुरुवार देर शाम को विधायक उमाकांत शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी संगठन में विगत अनेक वर्षो से सक्रिय रहकर मीडिया,सोशल मीडिया,आईटी विभाग में काम कर रहे कार्यकर्ताओ का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने विगत विधानसभा चुनाव में सक्रिय रहकर आधुनिक संचार तकनीक का उपयोग कर भाजपा की विजय में महत्वपूर्ण योगदान देने एवं जिम्मेदारी से दायित्व का निर्वहन करने के लिए भी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। भाजपा संगठन को प्रभावी बनाने एवं नए नोजवानों को पार्टी संगठन की रीति नीति से जोड़कर उन्हें उनकी क्षमता के योग्य कार्य देकर कुशल कार्यकर्ता बनाने वाले संगठन शिल्पी उमाकांत शर्मा सदैव नए नवाचार करने के लिए भी जाने जाते है। गुरुवार शाम को स्थानीय विश्राम गृह में उन्होंने सिरोंज नगर मंडल,देवपुर एवं चितावर मंडल में मीडिया,सोशल मीडिया और आईटी से जुड़े कार्यकर्ताओं को अल्प सूचना पर एकत्रित कर भाजपा संगठन में उक्त क्षेत्र में सक्रिय एवं समर्पित भाव से काम करने के लिए केशरिया शाल,पटका एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए भाजपा संगठन, देश की केंद्र सरकार में विश्व के सर्वश्रेष्ठ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात, विचार,जनकल्याणकारी योजनाओं को विधानसभा के प्रत्येक घर घर मे पहुँचाकर आम नागरिक परिवारों को भारतीय जनता पार्टी संगठन को ओर अधिक शसक्त बनाने के लिए उपस्थित कार्यकर्ताओ के विचारों एवं सुझावों को भी जाना। उन्होंने नमो एप के माध्यम से ब्रांड एम्बेसडर बनकर अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का भी लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि आगमो लोकसभा चुनाव न केवल देश दृष्टि से बल्कि आगामी 2047 तक के लक्ष्य को लेकर महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी आने वाले एक हजार सालों तक भारत देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर काम कर रहें है। हमें अब तीसरी बार कांग्रेस मुक्त अभियान करते हुए पूर्ण बहुमत की सरकार को देश मे स्थापित करने के लिए काम करना है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता हरिबाबू भार्गव एवं नगर मंडल अध्यक्ष पारस तारण मीडिया प्रभारी सचिन शर्मा, आईटी सेल प्रभारी आकाश जैन नवनीत जैन, सोशल मीडिया प्रभारी सोनू ख्यानी, सहमीडिया प्रभारी मनीष चौरसिया,सीताराम कुशवाह, सुनील यादव, संदीप शर्मा,अमित त्यागी,शिवराज यादव,सौरभ रावल,हर्षित भार्गव, मयंक सेन,अभिषेक कुशवाह सहित तीनों मंडलो के आईटी एवं सोशल मीडिया क्षेत्र से जुड़े कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

## हल्की बारिश व बादलों की लुका छुपी से लौटी सर्दी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पिछले तीन दिनों से मौसम में हुए बदलाव के बाद आसमान पर बादलों ने डेरा जमा लिया है । बुधवार और गुरुवार को तो ग्रामीण कई गांव में बारिश दर्ज हुई नगर में भी हल्की बूंदाबांदी हुई इस वजह से मौसम में एक बार फिर ठंडक खुल गई है। ठंडी हवाएं चलने से सर्दी का एहसास एक बार फिर होने लगा है। नहीं तो कुछ दिन पहले तो ऐसा लग रहा था कि ठंड गायब होने वाली और गर्मी दस्तक देने वाली इस वजह से गर्मी से निपटने की तैयारी भी लोगों ने प्रारंभ कर दी थी पर एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है ।दूसरी और आसमान पर बादलों की लुका छुपी होने से किसान जरूर चिंतित हैं। इस समय कुछ फसले पक कर तैयार हो गई है उनकी कताई का काम भी प्रारंभ हो गया है।

## ट्रैफिक पुलिस रहती हैं नदारद

# मंडी रोड पर लगे जाम ने किया बेहाल, भारी वाहनों का प्रवेश निरंतर जारी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एसडीएम एसडीओ के निर्देश के बाद भी भारी वाहनों के प्रवेश पर दिन के समय रोक नहीं लग पा रही है। इस वजह से जाम की समस्या जस की बनी हुई है । ट्रैफिक पुलिस कर्मी जाम की समस्या तथा लापरवाही से सड़कों पर जो वाहन खड़े रहते उन पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है दूसरी ओर इनको रोकने टोकने का काम भी नहीं करते हैं। इसकी वजह से शुक्रवार को मंडी बाईपास रोड पर जाम के कारण वाहन चालक परेशान होते हुए नजर आए इसमें जनप्रतिनिधियों की गाड़ी भी जाम में फंसी हुई थी क्योंकि सामने से लोडिंग ट्रक को सड़क पर खड़ा करके समान उतरने का काम कर रहा था। साइड में कई वाहन लापरवाही से खड़े हुए थे। इस वजह से जाम लगा और यातायात पुलिस कमी भी इस समस्या को दूर करने के लिए काफी देर तक नहीं पहुंचे इस तरह के हालात शहर में प्रतिदिन निर्मित होते हैं । यातायात पुलिसकर्मी अपने मूल काम को जिम्मेदारी से नहीं कर रहे हैं।

**मेट्रो एंकर** | मकतब दीनियत अमन शादी हाल में हुआ कार्यक्रम

# मदरसे में सालाना जलसा का आयोजन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मकतब दीनियत अमन शादी हाल में मदरसे का सालाना जलसा आयोजित हुआ जिसमें मदरसे में पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों ने मजहबी और देश भक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी छोटे-छोटे बच्चों ने अपने अंदाज में नाते नज्में तकरीरें वह अन्य कार्यक्रम पेश कर श्रेताओं का मन मोह लिया उनकी इस प्रस्तुति के बाद जहां एक और मदरसे की ओर से उन्हें पुरस्कृत किया गया वहीं आम लोगों और परिवारों के सदस्य ने भी दिलखोल कर इनाम देकर शाबाशी दी। उक्त जलसे में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक और महिलाएं मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन मौलाना इश्तियाक क़ासमी ने किया। मुख्य अतिथि मुरवास से आए मौलाना साजिद साहब रहे इस दौरान उन्होंने पुरस्कार वितरण किया।

## किसान केन्द्रों पर निःशुल्क करा सकते है पंजीयन

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित की है। जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने बताया कि गेंहू हेतु पंजीयन प्रक्रिया शुरू हुई है। इसी प्रकार चना, मसूर, सरसो को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु पंजीयन कार्य जारी है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमांक-1, राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

| स.क्र. | टेण्डर नं. | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा ऑनलाईन विक्रय, डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_CPA _335252_1 | 128/SAC dt. 20.02.24 (3rd call) | राज्य सूचना आयोग कार्यालय भवन, अरेरा हिल्स भोपाल का वार्षिक हाउसकीपिंग का कार्य | रु. 13.88 | रु. 27,760.00 | रु. 2,000/- | 29.02.2024 |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.02.2024 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

G-24670/23

कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमांक-1,
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.,
ई-5अरेरा कालोनी भोपाल 0755-2464382

### रांची टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक इंडिया 305 रन पीछे

# दूसरे सेशन का खेल में यशस्वी-गिल क्रीज पर, भारत का स्कोर 50 रन पर एक विकेट

**रांची, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच रांची के इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन पहले सेशन में इंग्लैंड टीम पहली पारी में 353 रन पर ऑलआउट हो गई। फिलहाल दूसरे दिन के दूसरे सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने एक विकेट के नुकसान पर 46 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल क्रीज पर हैं। भारत को पहला झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में लगा। उन्हें जेम्स एंडरसन ने पवेलियन भेजा। वह 9 बॉल पर 2 रन ही बना सके। पहली पारी में इंग्लैंड की तरफ से जो रूट शतक (122*) बनाकर नॉटआउट रहे। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा 4 विकेट रवींद्र जडेजा ने लिए। टीम इंडिया फिलहाल पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है।

### यशस्वी ने रोबिनसन के ओवर में लगाए चौके

यशस्वी ने लंच ब्रेक से ठीक पहले फेंके गए 10वें ओवर में रोबिनसन की बॉल पर बैक टु बैक दो चौके लगाए। ओवर की दूसरी बॉल पर मिड-ऑन पर ड्राइव किया और बॉल को चौके के लिए रोप के बाहर पहुंचा दिया। वहीं तीसरी बॉल पर यशस्वी ने रिस्ट का अच्छा इस्तेमाल किया और मिड-विकेट पर फ्लिक किया, जो चौका रहा। रोहित शर्मा 2 रन बना कर पवेलियन लौट गए हैं। उन्होंने 9 गेंदों का सामना किया। जेम्स एंडरसन ने बेन फोक्स के हाथों कैच करा कर उन्हें आउट किया।

### दूसरे दिन तीनों विकेट जडेजा ने लिए

दूसरे दिन तीनों विकेट रवींद्र जडेजा ने लिए। जडेजा ने दूसरे दिन खेल शुरू होने के बाद दिन का पहला विकेट रोबिनसन को विकेटकीपर जुरेल के हाथों कैच कराकर लिया। वहीं उसके बाद उन्होंने शोएब बशीर को बिना खाता खोले ही पाटीदार के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। वहीं उन्होंने दिन का तीसरा विकेट जेम्स एंडरसन को स्क्क्ष कराकर लिया। एंडरसन भी बिना खाता खोले ही 4 गेंदों का सामना कर पवेलियन लौट गए।




### इंग्लैंड पहली इनिंग में 353 रन पर ऑलआउट

रांची में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। इंग्लैंड टीम चौथे मैच के दूसरे दिन के पहले सेशन में 353 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट शतक (122) लगाकर नाबाद रहे। यह उनके टेस्ट करियर का 31वां शतक है। वहीं भारत की तरफ से पहली पारी में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा टॉप विकेटटेकर रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए। उनके अलावा डेब्यू मैच खेल रहे आकाश दीप को तीन सफलताएं मिली। मोहम्मद सिराज को 2 सफलताएं मिलीं। एक विकेट रविचंद्रन अश्विन को भी मिला। इंग्लैंड ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 7 विकेट पर 302 रन बनाए थे। जडेजा ने जेम्स एंडरसन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। एंडरसन भी अपना खाता नहीं खोल सके। इसके साथ ही इंग्लैंड की पहली पारी 353/10 पर समाप्त हो गई है। जेडजा का यह दूसरे दिन का तीसरा विकेट है। पहली पारी में जडेजा के चार विकेट लिए। पहले दिन उनको 1 विकेट मिला था।

### एक्सीडेंट के चलते 14 महीने क्रिकेट से रहे दूर

# ऋषभ पंत आईपीएल के शुरुआती मैचों में विकेट कीपिंग नहीं करेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के को-ओनर पार्थ जिंदल ने कहा है कि ऋषभ पंत आईपीएल के शुरुआती मैचों में विकेट कीपिंग नहीं करेंगे। पंत 14 महीने से क्रिकेट से दूर हैं। साल 2022 में 31 दिसंबर को उनका कार एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। जिंदल ने ईएसपीएन से बातचीत करते हुए कहा है कि ऋषभ पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के शुरुआती मैच से ही खेलेंगे और टीम की कप्तानी भी करेंगे। वह आईपीएल के पहले हाफ में विकेट कीपिंग नहीं करेंगे। जिंदल ने आगे कहा कि टीम के निदेशक सौरव गांगुली और चीफ कोच रिकी पोंटिंग पंत के आईपीएल में खेलने को लेकर निश्चित थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से फिटनेस मिलने के बाद पंत आईपीएल में खेलेंगे। उन्होंने कहा कि पंत बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह दौड़ रहे हैं।

### 2022 दिसंबर से क्रिकेट से दूर हैं पंत

पंत 2022 दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद से क्रिकेट से दूर हैं। पंत का 31 दिसंबर, 2022 को दिल्ली से रु?की जाने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उनके दाहिने पैर के घुटने की तीन सर्जरी हुई थी। वह नेशनल क्रिकेट अकादमी (ह्ष्ट) में रिकवरी कर रहे हैं। पंत इस हफ्ते बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित अभ्यास मैच में भी खेले थे। पंत का साल 2022 में 31 दिसंबर को दिल्ली से रुड़की जाने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था। पंत ने विकेट कीपिंग और एक्सरसाइज करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया। वहीं उन्होंने बुधवार को 20 ओवर के मैच में बल्लेबाजी और फील्डिंग किया। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रखी हुई है।



## मेट्रो बाजार

# किसानों व एमएसएमई को मिलेगा कर्ज, आरबीआई ने की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

किसानों और एमएसएमई को चुटकियों में मिलेगा कर्ज, आरबीआई ने की ये तैयारी किसानों और एमएसएमई के लिए कर्ज किसानों और छोटे व्यवसायियों को कर्ज मिलने में होने वाली दिक्कतें अब दूर होने वाली हैं. रिजर्व बैंक ने इसके लिए नई योजना तैयार की है. आरबीआई किसानों और एमएसएमई के कर्ज के लिए एक यूपीआई जैसा प्लेटफॉर्म लाने के बारे में सोच रहा है. यह प्रस्तावित क्रेडिट डिस्बर्सल प्लेटफॉर्म उसी तरह से काम करेगा, जैसे डिजिटल पेमेंट के लिए यूपीआई काम करता है. इससे किसानों और एमएसएई के लिए लोन की प्रक्रिया सरल हो जाएगी. आरबीआई का मानना है कि डिजिटल इंटरफेस के जरिए कंज्यूमर लोन अब आम है, लेकिन अभी भी किसानों और छोटे व्यवसासियों को कर्ज लेने के लिए बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं. बकौल आरबीआई, प्रस्तावित क्रेडिट प्लेटफॉर्म किसानों और एमएसएमई के लिए कर्ज के प्रोसेस को आसान बना देगा. अभी किसानों को कृषि लोन या किसान क्रेडिट कार्ड लेने के लिए बैंकों के साथ जमीन के रिकॉर्ड रखने वाले विभागों के चक्कर काटने पड़ते हैं. प्रस्तावित प्लेटफॉर्म से ये सारी परेशानियां दूर हो जाएंगी और चुटकियों में कर्ज



मिलना संभव होगा. इस प्लेटफॉर्म से बन सकता है काम यह काम पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म फोर फाइनेंशियल क्रेडिट यानी पीटीपीएफसी के जरिए संभव हो सकता है. यह प्लेटफॉर्म अभी एग्री लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, छोटे एमएसएमई लोन जैसे प्रोडक्ट पर काम कर रहा है. इस प्लेटफॉर्म के साथ कर्ज देने वाले बैंक व वित्तीय संस्थानों तथा स्टार्टअप को जोड़ा जा सकता है।

## अब हर कॉल के साथ पता चलेगा कॉलर का असली नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लगातार बढ़ते फ्रॉड और स्पैम कॉल से लोगों को हो रही परेशानी पर अब लगाम लगने वाली है. दूरसंचार नियामक ट्राई ने लोगों की परेशानी का संज्ञान लिया है. नियामक ने इस बारे में एक नया प्रस्ताव रखा है. प्रस्ताव है कि हर कॉल के साथ कॉलर का असली नाम भी सामने आना चाहिए. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण यानी ट्राई ने इसकी जानकारी दी. इसे इंट्रोडक्शन ऑफ कॉलिंग नेम प्रजेंटेशन नाम दिया है. ट्राई ने भारतीय दूरसंचार नेटवर्क में सीएनएपी सर्विस को लेकर सुझाव दिए हैं. नियामक ने बताया कि उसने इस बारे में दूरसंचार विभाग से मांगे जाने के बाद सुझावों को रखा है. दूरसंचार विभाग ने कॉलर की असली पहचान जाहिर करने को लेकर ट्राई से सुझाव देने को कहा था.दूरसंचार विभाग यानी डीओटी ने ट्राई से सुझाव मंगाया था, जिसके बाद नियामक ने नवंबर 2022 में सीएनएपी सर्विसेज को लेकर कंसल्टेशन पेपर जारी किया था।

### यूरोपा लीग फुटबॉल: दूसरे लेग में 2-3 से हार झेलनी पड़ी

# एसी मिलान की टीम रेनेस से हारकर नॉकआउट दौर में पहुंची



**रेनेस , दोपहर मेट्रो**

एसी मिलान की टीम को खेले गए यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे लेग के मुकाबले में रेनेस के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इस हार के बावजूद एसी मिलान की टीम ने अंतिम-16 राउंड में प्रवेश कर लिया है। पहले लेग में एसी मिलान ने रेनेस के खिलाफ 3-0 से बड़ी जीत हासिल की थी। इस तरह से दो लेग के बाद एसी मिलान ने कुल 5-3 के स्कोर संग नॉकआउट में जगह बना ली है। अब प्री-वार्टरफाइनल मुकाबले में एसी मिलान का सामना स्लाविया प्राग की टीम से होगा। करो या मरो वाले मुकाबले में रेनेस की ओर से बेंजामिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाई। उन्होंने 11वें, 54वें और 68वें मिनट में गोल दागा। लेकिन उनकी मेहनत पर पानी फिर गया और टीम मैच जीतने के बावजूद यूरोपा लीग से बाहर हो गई।

### अमरीका में फ्रेंडली मैच खेलेगा अर्जेंटीना

**यूनस आयर्स.** हांगकांग में चोट के कारण दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के नहीं खेलने की वजह से सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया सामने आने के बाद चीन की सरकार ने जहां अपने यहां मुकाबले को रद्द कर दिया था, वहीं अब अर्जेंटीना की टीम अमरीका में फ्रेंडली मैच खेलने को तैयार है। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने अपने वेबसाइट पर कहा कि विश्व चैंपियन टीम 22 मार्च को फिलाडेल्फिया में अलसल्वाडोर और चार दिन के बाद लॉस एंजिल्स में नाइजीरिया के खिलाफ मुकाबला खेलने उतरेगी।

## सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई; कमिंस का ऑलराउंड परफॉर्मेंस

### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को हराया

**ऑकलैंड, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 72 रन से हरा दिया। इस जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2-0 से आगे हो गई है। ऑकलैंड के ईडन पार्क स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड को 175 रन का टारगेट दिया। जवाब में कीवी टीम 17 ओवर में 102 रन पर ही ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पैट कमिंस ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 28 रन बनाए व 19 रन देकर एक विकेट लिया। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 2 ही ओवर में टीम का स्कोर 30 रन पार पहुंचा दिया। तीसरे ओवर में स्मिथ 7 बॉल पर 11 रन बनाकर आउट हो गए। हेड और कप्तान मिचेल मार्श के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। दोनों ने 53 रन की पार्टनरशिप की। ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच में यह सबसे बड़ी साझेदारी थी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

• मजेदार किस्सा साझा किया...

# शो की शूटिंग के दौरान ‘टाइगर’ के साथ लिफ्ट में फंस गई थीं नेहा धूपिया

नेहा धूपिया एक बार फिर अपने चैट शो ‘नो फिल्टर नेहा’ से चर्चा में हैं। इस शो का यह छठा सीजन है। नेहा इस शो में कई मशहूर हस्तियों का साक्षात्कार कर चुकी हैं। हाल ही में इस शो के प्रमोशन में जुटीं नेहा ने एक मजेदार किस्सा साझा किया। यह मौका था जब वह अपना एपिसोड टाइगर श्रॉफ के साथ शूट कर रही थीं। इस दौरान नेहा टाइगर के साथ लिफ्ट में फंस गई थीं और फिर क्या हुआ वाकई किस्सा मजेदार है। दरअसल, नेहा और टाइगर को ‘नो फिल्टर नेहा’ का एपिसोड शूट करने के लिए सेट पर पहुंचना था। ये दोनों साथ ही थे, तभी अचानक इनके साथ यह घटना हो गई। नेहा ने बताया, ‘मुझे और टाइगर को रेकॉर्डिंग के लिए सेट पर पहुंचना था। हम दोनों लिफ्ट में अंदर गए और ये अचानक रुक गई। फिर तो मैं बेसब्र हो गई। एक तो सेट पर पहुंचने के लिए लेट हो रहा था, दूसरा अंदर से घबराहट भी होने लगी।’

### टाइगर को नहीं कोई टेंशन

अब नेहा की तो लिफ्ट में जान सूख रही थी, लेकिन ऐसा लगा जैसे टाइगर को इस बात का अंदाजा ही नहीं था कि आखिर क्या हो गया? नेहा ने बताया,‘लिफ्ट में फंसकर मैं परेशान हो गई, लेकिन टाइगर के तो क्या कहने! उन्हें तो कोई टेंशन ही नहीं हो रही थी। सारा सरदर्द मुझे हो रहा था। जब बाहर सभी को यह पता चला, तो सबने नेहा से पूछना शुरू कर दिया कि क्या वह टाइगर के साथ लिफ्ट में फंस गई थीं? नेहा ने बताया, मुझे लगा कि अब इसमें कौन सी बड़ी बात हो गई। लोगों को लग रहा था कि ये तो खास मूमेंट था।’



• शाहिद कपूर का छलका दर्द, बोले-

# पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद फिल्म इंडस्ट्री में स्ट्रगल करना पड़ा...



शाहिद कपूर की हालिया फिल्म ‘तेरा बातों में ऐसा उलझा जिया’ को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। शाहिद पिछले 20 साल से अधिक समय से फिल्मी दुनिया में एक्टिव हैं। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि दिग्गज एक्टर पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद उन्हें इंडस्ट्री में कोई फायदा नहीं हुआ। 2003 में शाहिद ने फिल्म इश्क विश्क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। पहली फिल्म के पहले उन्होंने संघर्ष का लंबा सफर तय किया था। उन्होंने दिल तो पागल है और ताल जैसी फिल्मों में बतौर बैकग्राउंड डांसर काम किया था। हाल में शाहिद ने फिल्मी स्ट्रगल पर बात की। उन्होंने कहा कि पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद स्ट्रगलर्स की तरह करियर की शुरुआत की।

### बतौर बैकग्राउंड डांसर काम किया था

उनका कहना था, हर कोई कहता था पंकज कपूर का बेटा है। मगर, सच बात यही है कि साइड आर्टिस्ट एक्टर्स के पास कोई पावर नहीं होता है। सिर्फ सुपरस्टार और बड़े फिल्म डायरेक्टर्स-प्रोड्यूसर्स के पास पावर होता है। उन्होंने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि अधिकतर फिल्मों में पंकज कपूर को साइड रोल में देखा गया था। बातचीत में शाहिद ने कहा कि शुरुआत में उन्होंने कभी किसी को बताया ही नहीं था कि वो पंकज कपूर के बेटे हैं। पेरेंट्स के अलगाव के बाद वो अपनी मां के साथ रहते थे। पहली फिल्म साइन करने के बाद उन्होंने अपने पिता को इसके बारे में बताया था। शाहिद का कहना है कि वो अपने पिता से बस जरूरी राय लेते हैं। वो उनके नाम पर इंडस्ट्री में कुछ हासिल नहीं करना चाहते थे। उनका मानना है कि वो उसी चीज के हकदार हैं, जो उन्होंने मेहनत से हासिल की है।



• ‘एक्टिंग स्कूल से कुछ नहीं सीखा...’

# जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म ‘देवरा’ से करेंगी अपना साउथ डेब्यू

जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म ‘देवरा’ में नजर आएंगी। इस फिल्म से एक्ट्रेस अपना साउथ डेब्यू कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने ‘ला’ एक्टिंग स्कूल से कुछ नहीं सीखा। उन्होंने आगे कहा कि मुझे वो साल भारत के लोगों को जानने के बारे में गुजारने चाहिए थे।

### जान्हवी ने अपना एक्सपीरियंस शेयर किया

जान्हवी कपूर ने बातचीत में कहा- मैंने वहां कुछ नहीं सीखा। मैं मानती हूं कि कैलिफोर्निया मजेदार था और वहां का स्कूल महान था। फिर भी मेरे लिए स्कूल का एक्सपीरियंस कुछ खास नहीं रहा। मैं पहली बार एक ऐसे माहौल में थी, जहां मुझे कोई भी किसी की बेटी के रूप में नहीं पहचानता था। सच कहूं तो ये गुमनामी बहुत ताजगी भरी थी। जान्हवी ने आगे बताया कि ‘ला’ एक्टिंग स्कूल का फॉर्मेट भी अलग था। उन्होंने कहा- जिस स्कूल से मैंने पढ़ाई की, उसका फॉर्मेट इस बात पर आधारित था कि हॉलीवुड कैसे काम करता है। हॉलिवुड में ऑडिशन किस तरह से होते हैं। वहां कास्टिंग के लोगों से कैसे मिलते हैं। मुझे ‘ला’स्कूल में पढ़ाई के दौरान एहसास हुआ कि हालांकि स्कूल मेथड एक्टिंग पर बेस्ड था, लेकिन मैं खुद एक मेथड एक्टर नहीं थी।

### लोगों को जानने की ख्वाहिश...

जान्हवी ने कहा- काश मैं वो साल भारत के लोगों, यहां की भाषा को बेहतर तरीके से जानने में लगाती। मुझे ऐसा लगता है फिल्मों में मैं अपने देश के लोगों की कहानियां बताती हूं, ना कि विदेशी लोगों की। काश मैं उस समय अपने देश में ही रहती और ऐसी चीजें कर पाती, जो मुझे अपने देश के लोगों से जोड़ती हैं। जब मैंने ‘धड़क’ फिल्म के लिए शूटिंग शुरू की थी, तब मुझे महसूस हुआ कि मेरे लिए केवल एक चीज मायने रखती है। वो है- अपने देश की कहानियां। मैं पर्दे पर अपने देश के लोगों की कहानियां बताना चाहती हूं। अपने देश की अलग-अलग भाषाओं को जानना चाहती हूं। मैं चाहती हूं यहां के लोग जैसा महसूस करते हैं, वैसा मैं कर सकूं। यहां के लोग किस तरह से सोचते हैं, वो बारीकी से समझ सकूं।

**मावा और पनीर जब्त**



**भोपाल।** होली के त्योहार को देखते हुए मावा-पनीर की मांग बढ़ गई है। इस बीच ग्वालियर से बड़े पैमाने पर भेजे गए अमानक मावा और पनीर को नवबहार सब्जी मंडी से जिला प्रशासन ने जब्त कर लिया।

# बैरसिया में कार से 50 हजार रूपए की अवैध शराब जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया पुलिस ने गुरुवार सुबह एक कार चालक को अवैध शराब तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया। कार से कुल 500 क्वार्टर अवैध शराब जब्त हुई, जिसकी कीमत पचास हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब छह बजे मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कार में अवैध शराब लेकर सिटी प्लाजा के पास से देवलखेड़ा की तरफ जाने वाला है। सूचना के बाद पुलिस देवलखेड़ा रोड पर पहुंची। कुछ देर बाद एक कार आती दिखाई दी तो पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। चालक ने कार रोकने के बजाए तेज रफ्तार ने दौड़ा दी, जिसे पुलिस ने पीछा कर गैस एजेंसी गोदाम के पास पकड़ लिया। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम नितिन गुर्जर (23) निवासी गुनगा बताया। कार की तलाशी लेने पर भीतर दस पेटी अवैध शराब रखी मिली, जिसे पुलिस ने कार समेत जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।



## सूखी सेवनिया में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

सूखी सेवनिया में अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि बायपास रोड स्थित लीलावती गार्डन के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक के थैले में अवैध शराब लेकर खड़ा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम हेमंत तिवारी (40) निवासी रामनगर शाहजहांनाबाद बताया। तलाशी लेने पर थैले के भीतर 2200 रुपए कीमत की अवैध शराब रखी मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### आशिमा मॉल के सामने बीती रात हुआ हादसा, बुजुर्ग की हालत नाजुक

# बीआरटीएस कॉरिडोर में अज्ञात वाहन ने दंपती को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आसिमा मॉल के सामने शुक्रवार रात करीब आठ बजे के आसपास बीआरटीएस लेन पार कर बुजुर्ग दंपती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को गंभीर अवस्था में एम्स ले जाया गया था। वहां करीब तीन घंटे चले इलाज के बाद महिला की मौत हो गई, जबकि पति की स्थिति गंभीर होने के कारण उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है।**

अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी देरी से मिलने के कारण घटनास्थल पर पूछताछ की गई?थी, लेकिन किसी ने टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी नहीं दी। साथ ही घायल बुजुर्ग अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज देख रही है।

पुलिस के अनुसार कृष्णाबाई पति राजाराम (55) बागमुगलिया में रहती थी। शुक्रवार रात वह पति के साथ रिश्तेदारी में बख्तरा गई हुई?थी। दंपती रात करीब आठ बजे बख्तरा से भोपाल पहुंचे। आसिमा मॉल के पास दंपती ने सड़क पार कर दूसरी तरफ आना था और बगमुगलिया अपने घर जाना था। दोनों बस से उतरकर बीआरटीएस लेन पार कर रहे थे, तभी बागसेवनिया की तरफ से जा रहे अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया।




फाइल फोटो

### करीब दस मीटर दूर गिरी थी कृष्णा बाई

अनुमान है कि हादसे के समय वाहन काफी रफ्तार में था। दरअसल, जिस जगह हादसा हुआ वहां से करीब दस मीटर दूरी पर कृष्णा बाई पड़ी मिली थी। लोगों ने एंबुलेंस की मदद से कृष्णाबाई और पति राजाराम को एम्स पहुंचाया था। एम्स में इलाज के दौरान करीब साढ़े दस बजे के आसपास कृष्णाबाई को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कृष्णाबाई को इस हादसे में सिर, समेत शरीर में गंभीर चोट थी।

### पूर्व में हो चुके हैं यहां दर्जनभर हादसे

*यहां पर यह हादसा पहला नहीं है। बीआरटीएस लेन बनने और उससे पहले से यहां करीब एक दर्जन हादसे हो चुके हैं। दरअसल, आसिमा मॉल शार्टकट पहुंचने के लिए लोग बीआरटीएस लेन का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग बीआरटीएस लेन के ऊपर चढ़कर जाते हैं, जबकि कुछ जगह से आने जाने वालों ने बीआरटीएस की रेलिंग ही तोड़ दी है। जल्दबाजी में अक्सर लोग बीआरटीएस लेन से गुजर रहे तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। यहां ब्रिज की जरूरत है।*

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए भोपाल के जिला अभियोजन अधिकारी सम्मानित



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल के जिला अभियोजन अधिकारी राजेंद्र उपाध्याय को प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा और गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर ने शाल, प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री उपाध्याय को यह सम्मान भोपाल जिला न्यायालय में पहुंचने वाले पीड़ित व्यक्तियों मिलने वाले सर्व सुलक्ष सुविधा और न्याय के लिए दिया गया है। इस दौरान आयोजित सम्मान समारोह के कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि जिला अभियोजन अधिकारी राजेंद्र उपाध्याय ने अपने कार्यकाल के दौरान पीड़ितों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहकर पूरे भोपाल अभियोजन को कार्य करने हेतु प्रेरित किया है। सिमी आतंकियों के प्रकरण में श्री उपाध्याय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

## प्रशिक्षु कार्यवाहक एसआई और एएसआई ने डायल 100 का जायजा लिया

**भोपाल।** पुलिस प्रशिक्षण शाला भौंरी में इंडक्शन कोर्स कर रहे 36 कार्यवाहक एसआई और 43 कार्यवाहक एएसआई ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100/112 का भ्रमण किया। भ्रमणकर्ता पुलिसकर्मियों को पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेडियो प्रशान्त खरे के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक डायल-100 बीना सिंह के निर्देशन में डायल 100 की टीम ने सेवा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें कॉलटेकर कक्ष एवं डिस्पेचर कक्ष का भ्रमण कराकर प्राप्त सूचना पर होने वाली कार्यवाही से अवगत कराया गया। साथ ही सीसीटीव्ही कन्ट्रोल रूम का भ्रमण भी कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम के समय उपपुलिस अधीक्षक डायल-100 धर्मवीर सिंह, निरीक्षक रेडियो एम तिर्की, आदित्य शर्मा, उपनिरीक्षक वैशाली रामटेके एवं अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित पुरामन भवन गांव में नवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मृतिका के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि बच्ची के स्कूल की दोस्तों और परिजन से पूछताछ की जाएगी। पुलिस के अनुसार निहारिका पिता स्वर्गीय प्रेमनारायण अहिरवार (14) गांव पुरामन भवन, सूखीसेवनिया में रहती थी और नवीं कक्षा में पढ़ती?थी। उसके पिता की पूर्व में मौत हो चुकी है। मां ने बताया कि शुक्रवार दोपहर वह पड़ोस में गई?थी। वहां से करीब साढ़े तीन बजे के आसपास घर लौटी तो निहारिका फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। उनकी चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग घर पहुंचे और निहारिका को फंदे से उतारा गया। परिजन पड़ोसियों की मदद से निहारिका को निजी अस्पताल ले गए?थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।

**मेट्रो एंकर** अवधपुरी का मामला, सुसाइड नोट नहीं मिला

# किड्स स्कूल में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित आधार शिला में वर्ल्ड किड्स स्कूल में शुक्रवार सुबह एक युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। बहन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

थाना प्रभारी रोशनलाल भारती ने बताया कि अरविंद मीणा पिता पारस मीणा, गांव सगोनिया, तहसील देवनगर, रायसेन का था।



फाइल फोटो

अरविंद की बहन ज्योति मीणा आधार शिला में वर्ल्ड किड्स स्कूल का संचालन करती है। उन्होंने स्कूल की बिल्डिंग किराए पर ले रखी है। बिल्डिंग के एक कमरे में अरविंद अकेले रहता था और स्कूल के सामने मेडिकल स्टोर्स में काम करता था। ज्योति ने बताया कि प्रतिदिन सुबह अरविंद स्कूल खोलता था। शुक्रवार को उसने स्कूल नहीं खोला। स्कूल बंद होने की सूचना पर ज्योति ने अरविंद को कॉल किया, लेकिन वह कॉल रीसिव नहीं कर रहा था। वह स्कूल पहुंची तो अरविंद का कमरा अंदर से बंद था। कॉल रीसिव नहीं करने और कमरे का दरवाजा नहीं खोलने के कारण ज्योति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह कमरे का दरवाजा तोड़ा तो अरविंद का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

## नशे की हालत में घर पहुंचे युवक ने लगाई फांसी, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में नशे की हालत में घर पहुंचे एक युवक ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने ऐसी कोई जानकारी नहीं दी, जिससे फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो सके। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही खुदकुशी के कारणों का पता चल पाएगा।

पुलिस के मुताबिक अनिल सेन पुत्र रामसलोने (38) दीक्षा नगर झुग्गीबस्ती बागसेवनिया में रहता था और प्रायवेट ड्रायवरी करता था। परिवार में पत्नी के अलावा पंद्रह और दस साल के बेटे हैं। गुरुवार की रात अनिल नशे की हालत में घर पहुंचा और अपने कमरे में चल गया। वह अपने साथ शराब की बोतल भी लेकर आया था। कुछ समय तक अनिल के कमरे से आवाज आती रही। रात करीब साढ़े दस बजे जब आवाज आनी बंद हो गई तो पत्नी उसे देखने पहुंची तो वह फांसी पर लटका दिखा। आसपास के लोगों की मदद से उसे नीचे उतारकर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार शाम करीब चार बजे उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# शिक्षिका के पर्स से बुरका पहनी महिला ने मंगलसूत्र किया चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) में मां के साथ पैदल चल रही शिक्षिका के पर्स की चैन खोलकर शातिर महिला ने मंगलसूत्र के पैंडल उड़ा दिया। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। अभी मंगससूत्र चोरी करने वाली महिला की पहचान पुलिस नहीं कर पाई है।

पुलिस के मुताबिक, महाकाल कॉलोनी बैरागढ़ निवासी 21 वर्षीय निकिता पिता रायसिंह ट्यूशन टीचर हैं। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी की शाम करीब साढ़े 5 बजे वह अपनी मां विष्णु बाई के साथ लाल ज्वैलर्स सराफा मार्केट बैरागढ़ में मंगल सूत्र लेने के लिए गयी थी। 13 हजार रुपए में मंगल सूत्र के दो छोटे पैंडल खरीदे। जिन्हें पर्स मे रखकर चैन लगा दी। पर्स को निकिता ने अपने दाहिने कंधे में टांगकर मां के साथ घर आने के लिए पैदल चलीं। मिनी मार्केट से पैदल होते हुए चंदर सायकल वाले के सामने संदीप चाट वाले के पास पहुंची। मां-बेटी ने चाट खाया। इसके बाद पेमेंट देने के लिए पर्स की चैन खोलने लगी। देखा कि पर्स की चैन पहले से खुली है। पर्स के अंदर प्लास्तिक की डिब्बी में बिल के साथ रखे हुए दो नग पैंडल, पहले से रखे हुये 700 रूपए गायब मिले। बाद में पुलिस के साथ मिलकर घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। जिसमें एक महिला उनके पर्स का चैन खोलते हुए दिख रही है।



फाइल फोटो

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए रायसेन रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मोनिका ठाकुर (24) ग्राम बकतरा जिला सीहोर की रहने वाली और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है।

गुरुवार को वह अपने भाई कार्तिक ठाकुर और एक अन्य परिचित अजय ठाकुर के साथ परीक्षा देने के लिए बिलखिरिया स्थित निजी कालेज आई थी। सुबह करीब ग्यारह बजे पेपर देने के बाद मोनिका कालेज से बाहर निकलकर भाई का इंतजार कर रही थी। इसी बीच देखा कि उसका भाई और साथी बाइक से उसे लेने के लिए आ रहे हैं। दोनों उसके पास पहुंचते, उसके पहले ही चौकी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मोनिका ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों को इलाज के लिए रायसेन रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया और बाद में थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।



फाइल फोटो

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022